जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, मंगलवार 25 मार्च, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

मुख्य अतिथि

**श्री भजनलाल शर्मा**

माननीय मुख्यमंत्री

**25 मार्च, 2025 | आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर | दोपहर 3:00 बजे**

## राशि हस्तांतरण / वितरण

- 1.10 करोड़ परिवारों को 200 करोड़ रुपए की एल.पी.जी. सब्सिडी
- 31,790 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियाँ योजनाओं में 13.16 करोड़ रुपए
- 18,300 महिला समूहों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण
- 30,000 बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना में 7.5 करोड़ रुपए
- 5,000 मेधावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरण
- 5,000 महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण
- स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियाँ

राजस्थान संवाद

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- बर्तन बैंक योजना
- महिला महाविद्यालयों में पुस्तकालय / रीडिंग रूम के उपयोग के सम्बंध में
- अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन योजना में दूध की मात्रा 15 ग्राम से 25 ग्राम
- सोलर दीदी

**समर्थ महिला – समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

असत्य फूस के ढेर की तरह है। सत्य की एक चिनगारी भी उसे भस्म कर देती है। –हरिभाऊ उपाध्याय

# मांझी जो नाव डुबोए, उसे कौन बचाए?

जब से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर पर आग बुझाने के लिए गई फायर ब्रिगेड को नोटों की जली हुई गड्डियां मिलने की खबर सामने आई है, तब से पूरे देश में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। वैसे तो, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की खबरें यदा कदा आती रही हैं, किंतु इस प्रकार से उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश के घर से इतनी बड़ी संख्या में नकदी, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है, पहली बार मिली है। यदि न्यायाधीश के घर में आग नहीं लगी होती तो इस प्रकार का कोई प्रकरण सामने आने का प्रश्न ही नहीं था। अन्य लोक सेवकों के विरुद्ध, जिस प्रकार भ्रष्टाचार निरोधक विभाग अथवा सीबीआई रेड कर सकती है, वैसा वह किसी उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के यहां नहीं कर सकती, क्योंकि इसके लिए उन्हें संबंधित मुख्य न्यायाधीश की अनुमति की आवश्यकता होती है।

लोग खुल कर न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार की बात इसलिए भी करने से डरते हैं, क्योंकि अवमानना का भय रहता है।

आश्चर्य की बात यह है कि घटना 14 मार्च 2025 की है और पांच दिन तक इसके बारे में न सुप्रीम कोर्ट ने कोई जानकारी दी न ही सरकार ने इस बारे में मीडिया को कुछ बताया। पहली बार इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से 20 अप्रैल को प्राप्त हुई, जब प्रमुख समाचार पत्र 'टाइम्स ऑफ इंडिया' के वरिष्ठ संवाददाता धनंजय महापात्र की विस्तृत रिपोर्ट मुख पृष्ठ पर प्रमुखता से प्रकाशित हुई। रिपोर्ट में बताया गया कि जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने पर जब फायर ब्रिगेड वहां पहुंची तो बड़ी संख्या में जले हुए नोट प्राप्त हुए। यह समझने से परे है कि इस बारे में पुलिस विभाग या फायर ब्रिगेड के किसी अधिकारी ने कोई औपचारिक बयान क्यों नहीं जारी किया? सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मीडिया को वस्तुस्थिति की कोई जानकारी न देने के कारण पूरे दिन अफवाहों का बाजार गर्म रहा। किसी ने प्राप्त नोटों की कीमत 15 करोड़ बताई तो किसी ने 50 करोड़ रुपए। सोशल मीडिया के विभिन्न चैनलों पर इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा आयोजित की गई।

पहली खबर यह आई कि सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने न्यायाधीश वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया। यह उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश वर्मा का स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय में 2021 में किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश की मीडिया में आलोचना होने पर, इस आदेश को वेबसाइट से हटा लिया गया और कहा गया कि स्थानांतरण का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने भेजी जिसमें जलते हुए नोटों की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा जस्टिस वर्मा का स्पष्टीकरण भी शामिल था।

इलाहाबाद न्यायालय के बार एसोसिएशन ने यह प्रस्ताव भी पारित कर दिया कि वह न्यायाधीश वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में शपथ ठाहण नहीं करने देंगे क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय कोई 'डस्ट बिन' नहीं है। इसी बीच फायर ब्रिगेड के मुख्य फायर अधिकारी ने तो यहां तक कह दिया था कि आग बुझाने वाली टीम को किसी प्रकार के नोटों की गड्डियां प्राप्त नहीं हुईं।

जब सभी ओर से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समुचित कार्यवाही न करने की आलोचना होने लगी तो फिर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने एक जांच समिति गठित की, जिसका सदस्य हिमाचल प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश, पंजाब-हरियाणा के मुख्य न्यायाधीश और कर्नाटक के मुख्य न्यायाधीश को बनाया गया। अच्छा होता यदि इस समिति में न्यायाधीशों के अतिरिक्त समाज के निष्पक्ष और प्रबुद्ध व्यक्तियों को भी सम्मिलित किया जाता।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने यह आदेश पारित किया कि जस्टिस वर्मा किसी प्रकार का कोई न्यायिक कार्य नहीं करेंगे जब तक कि उनके विरुद्ध जांच पूरी नहीं हो जाए। जस्टिस वर्मा के तथाकथित भ्रष्टाचार का यह प्रकरण सबकी आंखें खोल देने के लिए पर्याप्त है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 और 218 में क्रमशः सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया दी गई है। सर्वोच्च न्यायालय की आंतरिक जांच समिति द्वारा आरोप सिद्ध होने पर उसे सरकार के पास भेजा जाता है। यदि संसद उसे दो तिहाई बहुमत से पारित कर दे तो फिर राष्ट्रपति को संबंधित न्यायाधीश को हटाने की सिफारिश की जाती है। अंत में राष्ट्रपति, हटाने के आदेश जारी करते हैं। उल्लेखनीय है कि आज तक किसी न्यायाधीश को हटाया नहीं गया है। संसद में प्रकरण गए अवश्य, किंतु महाभियोग का प्रस्ताव पारित होने से पूर्व ही संबंधित न्यायाधीशों ने त्याग पत्र दे दिया।

न्यायाधीशों को मिली इसी सुरक्षा के कारण भ्रष्टाचार के आरोप होने के बावजूद भी उनके विरुद्ध कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकती है।

> **यह सारा प्रकरण न्यायपालिका का दोहरा चरित्र भी दिखाता है। एक ओर, जहां राजनीतिज्ञों ,प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य लोक सेवकों पर भ्रष्टाचार के आरोप होने पर कड़ी कार्रवाई की बात कहते हुए उन्हें जमानत तक नहीं मिलती है, वहीं, अपने स्वयं के किसी सदस्य पर इस प्रकार का आरोप लगने पर वह उसे बचाने में पूरी तरह जुट जाती है।**

यह सारा प्रकरण न्यायपालिका का दोहरा चरित्र भी दिखाता है। एक ओर, जहां राजनीतिज्ञों ,प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य लोक सेवकों पर भ्रष्टाचार के आरोप होने पर कड़ी कार्रवाई की बात कहते हुए उन्हें जमानत तक नहीं मिलती है, वहीं, अपने स्वयं के किसी सदस्य पर इस प्रकार का आरोप लगने पर वह उसे बचाने में पूरी तरह जुट जाती है। मीडिया में प्रकाशित समाचारों के अनुसार जस्टिस वर्मा का यह कहना है कि यह राशि उनकी नहीं है एवं उनका इससे कोई लेना देना नहीं है। यह उल्लेखनीय है कि यह राशि न्यायाधीश वर्मा के आवासीय परिसर में ही स्थित एक स्टोर रूम में रखी थी। यह सामान्य विवेक से परे है कि किसी न्यायाधीश के घर में इतनी संख्या में नोट पड़े हो और उसका कोई ज्ञान उनको को न हो। क्या इसी प्रकार की बात कोई अधिकारी कहता तो क्या न्यायालय उसे सही मान लेता ?

गत कुछ दिनों में न्यायाधीशों द्वारा दिए गए समाज विरोधी एवं अजीबोगरीब निर्णय भी चर्चा का विषय रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद न्यायालय के जस्टिस मिश्र द्वारा यह निर्णय दिया गया कि किसी नाबालिग बालिका के निजी अंगों पर हाथ फेरना ,उसके पजामे का नाडा खोलना और उसे घसीट करके किसी पुलिया के नीचे ले जाना, बलात्कार के प्रयास की परिभाषा में नहीं आता है। इसी आधार पर जिला न्यायालय द्वारा दी गई 7 वर्ष की सजा को निरस्त करते हुए अभियुक्त को बरी कर दिया गया। महिलाओं के प्रति इतनी घटिया मानसिकता वाले जज का उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर बने रहना क्या उचित कहा जा सकता है? किंतु उन्हें हटाना महाभियोग के माध्यम से ही संभव है जो लगभग असंभव है। उच्च न्यायालय का कोई न्यायाधीश किसी नाबालिग बालिका के प्रति अपराध संबंध में यह विचार रखे, फिर भी वह न्यायाधीश बने रहें, इससे बड़ा दुर्भाग्य देश का क्या हो सकता है?

इसी प्रकार एक न्यायाधीश शेखर यादव ने विश्व हिंदू परिषद की बैठक में यहां तक कहा कि देश में बहुमत का निर्णय चलेगा और उसी का निर्णय सबको मानना होगा। यह एक साम्प्रदायिक बयान था। न्यायाधीश के इस वक्तव्य को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी सही और उचित सिद्ध करने का प्रयास किया। सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष न्यायाधीश शेखर यादव को नोटिस भेज कर बुलाया गया एवं उनका स्पष्टीकरण लिया गया किंतु उन पर कोई प्रभाव नहीं हुआ और वे अपनी बात को सही ठहराते रहे। अभी भी न्यायाधीश यादव अपने न्यायालय में यथावत काम कर रहे हैं।

कभी-कभी लगता है कि संविधान में न्यायाधीशों को जिस प्रकार की सुरक्षा प्राप्त है, उसके कारण उन्होंने स्वयं को कानून से ऊपर समझना प्रारंभ कर दिया है। न्यायाधीशों के स्तर हीन निर्णयों के बारे में सर्वोच्च न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है। इन सबके बावजूद यदि ऐसे न्यायाधीश बने रहते हैं, जिन्हें लोगों के भाग्य का निर्णय करने का अधिकार होता है, तो यह न्यायपालिका के पतन की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा।

हाल ही में, जब उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगने पर भारत के लोकपाल ने संज्ञान लेकर जांच प्रारंभ की, तो उस पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह कह कर रोक लगा दी कि लोकपाल के दायरे में न्यायाधीश नहीं आते हैं। स्वयं के बारे में इस प्रकार का निर्णय लेना क्या स्वयं को एक प्रकार से खुदा समझना नहीं है ?

कोई भी संस्था जवाबदेही के अभाव में निरंकुश हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की प्रवृत्ति आजकल न्यायपालिका में दिखाई दे रही है। एक ओर जहां कार्यपालिका और विधायिका द्वारा गलत कार्य करने पर न्यायपालिका अंकुश लगाती है, वही न्यायपालिका ही स्वयं संविधान विरोधी काम करने लगे या भ्रष्ट हो जाए तो फिर उसकी जवाबदेही कैसे तय की जाएगी? इसी प्रकार की स्थिति पर ये पंक्तियां सटीक बैठती हैं "मांझी जब नाव डुबोए तो उसे कौन बचाए?"

जब न्यायपालिका को जवाबदेह बनाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक जवाबदेही कानून बनाया गया, तो उसे सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया। जस्टिस वर्मा प्रकरण ने इस चर्चा को पुनः जीवित किया है कि एन जे ए सी National Judicial Appointment and Accountability Commission) बनाया जाय।

संविधान निर्माताओं ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि ऐसे व्यक्ति न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हो जाएंगे जो संविधान की भावना के विपरीत फैसला देंगे एवं समाज में विघटन का कार्य करेंगे। जब भ्रष्टाचार के आधार पर, पैसे लेकर न्याय होने लगेगा, तो उसे 'बिकने वाला न्याय' ही कहा जाएगा।

प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण ने तो एक बार यहां तक कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय के आठ न्यायाधीश भ्रष्ट हैं और उन्होंने उसकी सूची भी सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी थी। इस बार मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जस्टिस वर्मा से संबंधित सारे रिकॉर्ड, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य कार्रवाई को सार्वजनिक करने का काम किया है।

यह एक स्वागत योग्य कदम है और न्यायपालिका के कामकाज को अधिक पारदर्शी बनाएगा। मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट देगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस बात का भी समय आ गया है जब न्यायाधीशों को प्रदत्त पूर्ण संवैधानिक सुरक्षा पर भी पुनः विचार किया जाय। अच्छा होगा यदि इसकी पहल न्यायपालिका द्वारा ही की जाय।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# राजस्थान दिवस का उत्सवी आग़ाज़



बाल मुकुन्द ओझा

राज्य की भजनलाल सरकार ने हिन्दू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) पर राजस्थान स्थापना दिवस मनाने का उत्सवी आगाज किया है। राज्य सरकार जनभागीदारी के साथ राजस्थान दिवस मनाने जा रही है। प्रदेशभर में राजधानी से लेकर पंचायत मुख्यालय तक 25 मार्च से 31 मार्च तक विविध कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी।

इसके साथ ही निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। राजस्थान दिवस समारोह का आगाज 25 मार्च को मरूधरा बाड़मेर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से होगा। वहीं 26 मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर में तथा 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में एवं 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में होगा। राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' 31 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

नववर्ष समारोह समिति के प्रवक्ता महेन्द्र सिंहल ने कहा कि राजस्थान का गठन मुहूर्त के अनुसार वर्ष प्रतिपदा को हुआ था, जो संयोगवश 30 मार्च को पड़ा। लंबे समय से वर्ष प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के रूप में मान्यता देने की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने आव्हान किया कि अब सभी मिलकर वर्ष प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लें। अब तक 30 मार्च को मनाए जाने वाला राजस्थान दिवस सरकारी कार्यक्रम बनकर रह गया था, अब यह समाज का उत्सव बनेगा।

नववर्ष समारोह समिति का कहना है भारतीय कालगणना और संवत्सर खगोलीय सिद्धांतों पर आधारित हैं, किसी विचार या पंथ पर नहीं। ऐसे में विदेशी प्रणाली का अंधानुकरण हमारी बौद्धिक गुलामी का प्रतीक है। जैसे होली और दीपावली तिथि के अनुसार मनाए जाते हैं, वैसे ही राजस्थान दिवस को भी तिथि के आधार पर मनाना चाहिए। सरदार पटेल सहित किसी भी नेता ने 30 मार्च को राजस्थान दिवस के रूप में चिह्नित नहीं किया था। अंग्रेजों के जाने के बावजूद उनकी व्यवस्थाएं हम पर हावी रहीं, जिससे वास्तविक राजस्थान दिवस को भुला दिया गया। अब वर्ष प्रतिपदा को उसका उचित स्थान मिलने से गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा।

राजस्थान अपनी आन, बान, शान, शौर्य, साहस, कुर्बानी, त्याग, बलिदान तथा वीरता के लिए सम्पूर्ण विश्व में ख्यात है। स्थापना दिवस पर हमें अपने वर्तमान के साथ सुनहरे अतीत को याद करने की महत्ती जरुरत हैं। किसी ने सही कहा है, वर्तमान अतीत की कुंजी है। आज हमारे प्रतीकों पर हमले हो रहे है। हमारे महापुरुषों के सम्बन्ध में भ्रांतियां फैलाई जा रही है। जिनका मुंहतोड़ जवाब देना जरुरी हो गया है। विदेशी आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते। इस दृष्टि से भी जनता को जागरूक करना आवश्यक हो गया है।

भौगोलिक विषमताओं और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद यहां के नागरिकों की दृढ़ इच्छा शक्ति और आपसी सहयोग से प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो सका है। राजस्थान में गरीब लोगों के सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार, संसाधनों में वृद्धि और राजनीति, व्यवसाय आदि सभी क्षेत्रों में विकास, हमारी खुशहाली के प्रतीक हैं। राजपूताना कहे जाने वाले राजस्थान का इतिहास गौरवशाली रहा है जिस पर हर प्रदेशवासी को गर्व है। मातृ भूमि की रक्षा एवं परम्पराओं तथा संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने में यहां के लोगों ने सदैव पहल की है। राजस्थान की कला, साहित्य और सांस्कृतिक पृष्ठ भूमि विश्व में अपनी अलग पहचान रखती है। राजस्थान इस वर्ष अपना 76वां स्थापना दिवस मना रहा है। कला-संस्कृति, पर्यटन व्यापार, खेल और खेती सभी क्षेत्रों में सबसे आगे हैं राजस्थानी।

राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान रेतीला, बंजर, पर्वतीय और उपजाऊ कच्छारी मिट्टी से मिलकर बना है। राज्य की अर्थ व्यवस्था कृषि एवं ग्रामीण आधारित है। कृषि और पशु पालन यहां के निवासियों के मुख्य रोजगार है। आजादी के बाद इस प्रदेश ने निश्चय ही प्रगति और विकास की ऊंचाईयों को छुआ है। वर्षा की अनियमितता के कारण यह प्रदेश अनेकों बार सूखे और अकाल का शिकार हुआ। मगर प्रदेशवासियों ने विपरीत स्थितियो में भी जीना सीखा और अपने बुलन्द हौसले को बनाये रखा। यह सही है कि हमने हर क्षेत्र में प्रगति हासिल की है। स्कूलों की संख्या बढ़ी है। छात्रों का नामांकन भी दुगुना-चौगुना हुआ है। गांव-गांव और घर-घर बिजली की रोशनी प्रज्जवलित हुई है। सड़कों का जाल भी चहुंओर देखने को मिल रहा है। गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है। पेयजल के क्षेत्र में अच्छी-खासी प्रगति हुई है। गांव-गांव और शहर-शहर में पानी पहुंचाया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्रों में बड़ी कामयाबी हासिल की गई है।

गांव-गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाया गया है। मैट्रो सिटी में बड़े अस्पताल बनाये गये हैं और जटिल से जटिल रोगों का ईलाज किया जा रहा है। औद्योगिक विकास की दृष्टि से भी हम आगे बढ़े हैं। रेगिस्तानी क्षेत्र राजस्थान में पहले लोग उद्योग-धंधे स्थापित करने से डरते थे। आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होने और लालफीताशाही के कारण उद्योगपति राजस्थान आने से डरते थे। यहाँ तक कि प्रवासी उद्योगपति भी अपने क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने में हिचकिचाते थे। मगर आज आधारभूत सुविधाएँ सुलभ होने के कारण राजस्थान में बड़ी तेजी से बड़े और वृहद् उद्योग स्थापित हुए हैं। औद्योगिक विकास के क्षेत्र में राजस्थान का काया कल्प हुआ हे। हमारे लाखों नौजवानों को रोजगार मिला है। राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में काफी समृद्धशाली राज्य है। यहाँ के किले, हवेलियाँ, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर मेले, महल, झीलें, पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रही है। राजस्थान का पर्यटन के क्षेत्र में विश्व में प्रमुख स्थान है। पर्यटन राज्य के रूप में प्रदेश ने विश्व मानचित्र में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी ऐतिहासिक और समृद्ध विरासतों को संरक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़े ताकि वर्तमान अतीत की कुंजी है की भावना सार्थक हो।

इसके साथ ही राजस्थान में हुई प्रगति को अनदेखा करना अनुचित होगा। मगर प्रगति के साथ साथ लाल फीताशाही, भ्रष्टाचार और कुशासन के क्षेत्र में भी हम पीछे नहीं रहे। राजस्थान की प्रगति को भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता ने लील लिया। विशेषकर पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकारी सेवाओं में भर्ती और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की अनगिनत शिकायतों से प्रदेश जूझ रहा है। राजस्थान दिवस के अवसर पर हमें प्रगति के साथ-साथ प्रगति के अवरोधों पर भी गंभीरता से चिन्तन और मनन करना चाहिये।

**–बालमुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# जिला कलेक्टर और एसपी ने कैलादेवी मेले की व्यवस्थाएं जांची

## बिजली, पानी, सड़क, शौचालय आदि का जायजा लेते हुए भंडारा संचालकों को निर्देश दिए

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल आस्था धाम कैलादेवी में 26 मार्च से शुरू होने वाले मेले को देखते हुए जिला कलेक्टर गंभीर और सजग नजर आ रहे हैं, जिन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर गंगापुर मोड़ से कैलादेवी मंदिर तक पैदल ही सड़क पर चलकर बिजली, पानी, सड़क, शौचालय आदि का जायजा लेते हुए भंडारा संचालकों को निर्देश दिए।

कैलादेवी का मेला 26 मार्च से शुरू होने जा रहा है जिसके चलते पद यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। आने वाले पदयात्री एवं दर्शनार्थियों कि सुविधा में किसी तरह की कमी नहीं रहे की भावना को देखते हुए जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना गंभीर और सजग नजर आ रहे हैं।

उन्होंने बीते एक माह में कई बार जिला स्तरीय अधिकारिओ के साथ बैठक कर एवं निरीक्षणों के माध्यम से व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। अब मेला शुभारंभ होने में मात्र एक दिन शेष रह गया है जिस पर गंभीर हुए जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना अपने साथ जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति

> ■ **कैलादेवी का मेला 26 मार्च से शुरू होगा, यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है**

उपाध्याय के अलावा विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायत राज विभाग, पंचायत समिति के विकास अधिकारी, उप जिला कलेक्टर, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर सोमवार को गंगापुर मोड पर पहुंचे, जहां से उन्होंने अपने वाहनों को छोड़ दिया और सड़क पर चल रहे पद यात्रियों के साथ-साथ पैदल चलने लग गए, जिन्हें देखने के लिए ग्रामीण सड़कों पर आ गए।

इस दौरान जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जगह-जगह लगाए जा रहे निःशुल्क भोजन भंडारो में पहुंचकर भंडारा संचालकों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं सड़क से दूरी बनाकर भंडारा लगाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने रास्ते में पड़ने वाली ग्राम पंचायत में पदयात्रियों कि सुविधा के लिए बनाए गए स्थाई शौचालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल के लिए लगे जल मंदिरों की जांच पड़ताल की एवं सड़क किनारे बनाए गए फुटपाथ का निरीक्षण करते हुए सड़कों में हो रहे गड्डों को तुरंत भरने के अलावा रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, उपखण्ड अधिकारी एवं मेला मजिस्ट्रेट प्रेमराज मीणा, विकास अधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा, सानिवि के अधिशाषी अभियन्ता चन्द्रप्रकाश गुर्जर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# जोधपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन प्रतिदिन होने पर लोगों ने खुशी जताई

**जालोर,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर रविवार को रात्रि में जोधपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस प्रतिदिन होने के कारण प्रथम बार जालोर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रात्रि को शहर के सैकड़ों लोगों ने जालोर रेल यात्री सेवा व विकास समिति के जिला अध्यक्ष हीराचन्द भण्डारी के साथ मिलकर ट्रेन के लोको पायलट (ड्राईवर) का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जागरुक कार्यकर्ता ममता माली ने जोधपुर गांधीधाम सुपरफास्ट ट्रेन की पूजा-अर्चना की। लोको पायलट को हीराचन्द भण्डारी ने साफा पहनाया व माला बाबूलाल राव, लोकेश बोहरा, दिनेश कुमार बारोट, चंदन नागर, नैनसिंह माली, मुकेश अग्रवाल, राजूभाई माली, नटवर अग्रवाल, होसाराम माली, नरेश सिंधी इत्यादि ने पहनाया। इस ट्रेन के चालू करने पर मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज कुमार सिंह सीनियर डी सी एम विकास खेडा सहित रेलवे प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर यात्रियों को इस ट्रेन के प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए यात्रियों व संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस ट्रेन को जयपुर या दिल्ली तक प्रतिदिन संचालित किया जाना चाहिए, ताकि यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। इसी तरह समदडी भीलडी खण्ड के यात्रियों ने पहली बार नियमित रूप से गांधीधाम सुपरफास्ट ट्रेन पहुंचने पर खुशी का इजाहर किया।



**लोगों ने जालोर रेल यात्री सेवा व विकास समिति के साथ मिलकर ट्रेन के लोको पायलट ( ड्राईवर ) का स्वागत किया।**

# गंगनहर प्रणाली में एक से नहरबंदी रहेगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गंगनहर प्रणाली में 1 अप्रैल से 20 अप्रैल तक नहरबंदी रहेगी।

इस परिपेक्ष्य में गंगनहर प्रणाली की नहरों में नहरबंदी से पूर्व उपलब्ध पानी से पेयजल भण्डारण सुनिश्चित करने हेतु 25 मार्च से आगामी आदेशों तक बाराबंदी स्थगित की जाती है। जल संसाधन के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि वर्तमान में जो नहरें वरीयता अनुसार रेग्युलेशन में हैं, उनमें प्राथमिकता पेयजल की रहेगी तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल हेतु बरमा लगाने की अनुमति दी जाती है। यदि किसी काश्तकार द्वारा विरोध किया जाता है, तो उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इन नहरों को पानी की उपलब्धता अनुसार कभी भी बंद किया जा सकता है तथा बंद होने के साथ ही इन नहरों की बाराबंदी भी स्वतः स्थगित हो जायेगी।

## राशिफल मंगलवार 25 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, श्रवण नक्षत्र रात्रि 3:49 तक, शिव योग दिन 2:53 तक, बव करण सायं 4:26 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 3:46 तक है। आज शुक्र उदय पूर्व में रात्रि 9:15 पर होगा। आज पाप मोचनी एकादशी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:31 से 11:02 तक, लाभ-अमृत 11:02 से 2:04 तक, शुभ 3:35 से 5:06 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:29, सूर्यास्त 6:37

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यवसायिक संबंध बनेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कन्या**
व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों-परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों-परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में वृद्धि होगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 231 प्रभात जयपुर, मंगलवार 25 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Girls' Back Home!!

Elon Musk, the billionaire founder of SpaceX, claimed, without evidence, that the Biden administration had 'abandoned' the astronauts in space. President Donald Trump echoed this

Gen Z Slang | It's time for a refresher course in Gen Z vernacular

# ग्रीनलैण्ड को अमेरिका का 51 वां प्रान्त बनाने की ट्रम्प की इच्छा से काफी विचलित हैं, वहां के नागरिक

## 85 प्रतिशत ग्रीनलैण्ड निवासी, ट्रम्प की इस कल्पना के पूर्णतया खिलाफ हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मार्च। डॉनल्ड ट्रंप ने खनिजों से भरपूर ग्रीनलैंड को खरीदने की बात कही थी, और धमकी दी थी कि यदि ऐसा नहीं हो पाया तो उनके नेतृत्व में अमेरिका "वैसे भी" ग्रीनलैंड को हासिल कर ही लेगा।

अब अमेरिका ने "हाई प्रोफाइल" मेहमान वहाँ भेजने शुरु कर दिए हैं। द्वीप के राजनीतिक अधिकारियों ने इसे "अत्यधिक आक्रामक" कदम बताया है।

यू.एस. नैशनल सिक्यूरिटी एडवाइज़र माइक वॉल्ट्ज़ के ग्रीनलैंड जाने की पूरी तैयारी है। इसी के साथ, अमेरिका के वाइस प्रैसिडैंट की पत्नी ऊषा वैंस भी अपने पुत्र के साथ "सांस्कृतिक मिशन" पर द्वीप की यात्रा पर जाएंगी। वाइट हाउस प्रवक्ता के अनुसार, ऊषा वैंस द्वीप के विभिन्न सांस्कृतिक स्थलों का दौरा करेंगी तथा उसके बाद वार्षिक "डॉग स्लैड रेस" भी देखेंगी।

- जैसा की विदित ही है, 1953 के बाद ग्रीनलैण्ड, स्वायत्त शासित हिस्सा बना रहा डैनमार्क का।
- पर हाल ही में हुए चुनाव में, ग्रीनलैण्ड ने एक नये प्रधानमंत्री को जिता कर भेजा। चुनाव इस बात का भी प्रतीक था कि ग्रीनलैण्डवासी एक स्वतंत्र व सर्वभौम राष्ट्र बनाना चाहते हैं।
- अमेरिका के प्रवक्ता के अनुसार, ग्रीनलैण्ड का अधिग्रहण करने के बाद, अमेरिका अच्छी हुकूमत देगा, तथा ग्रीनलैण्ड की समृद्ध खनिज सम्पदा को भी अन्य देशों की ललचायी आंखों से सुरक्षित रखेगा।
- अमेरिका का प्रस्ताव अस्वीकार होने के बाद, अमेरिका ने एक के बाद एक वी.वी.आई.पी. अतिथि ग्रीनलैण्ड भेजने शुरू किए हैं।
- इसी सन्दर्भ में पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, माइक वॉल्ट्ज और उपराष्ट्रपति की पत्नी ऊषा वैंस को ग्रीनलैण्ड भेजा गया। आक्रामक कल्चरल पर्यटन को भी ग्रीनलैण्ड वासी सन्देह की दृष्टि से देख रहे हैं।

तथापि, द्वीपवासी ग्रीनलैंड की संस्कृति में अमेरिका की इस अत्यधिक रुचि को बहुत सहजता से नहीं ले रहे हैं। आम स्तर पर 85 प्रतिशत ग्रीनलैंड वासी, अमेरिका का हिस्सा बनने की किसी भी संभावना के विरुद्ध हैं।

द्वीप के प्रधानमंत्री ने अमेरिका के इस कदम को "अत्यधिक आक्रामक" बताया है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री ने कहा है कि अमेरिका का यह कदम दर्शाता है कि उसके मन में द्वीप के लिए "आदर का अभाव" है।

ये राजनीतिक यात्राएं अचानक ही ऐसे समय पर शुरु हुई हैं, जब द्वीप राजनीतिक पलायन के दौर से गुज़र रहा है। सन् 1953 तक, ग्रीनलैंड पर डैनमार्क का शासन था और उसके बाद से यह द्वीप डैनमार्क का स्वायत्त हिस्सा रहा है। तथापि, हाल में चुनाव हुए हैं, जिनके द्वारा एक नया प्रधानमंत्री चुना गया।

द्वीप के लोग स्वतंत्र तथा एक संप्रभु राष्ट्र के रुप में रहना चाहते हैं। इन लोगों को अमेरिका की बातों से भारी धक्का लगा है।

द्वीप में ऐसे दुर्लभ खनिज तत्वों का भंडार हैं जिनकी वैश्विक स्तर पर आपूर्ति कम है और इसलिए कई देशों की इस पर नज़रें हैं। ये दुर्लभ खनिज रक्षा उद्योगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 45 पुराने कानून खत्म

जयपुर, 24 मार्च। राजस्थान विधानसभा के सत्र के आखिरी दिन प्रदेश में 45 गैर-जरूरी और पुराने हो चुके कानून खत्म कर दिये गये। विधानसभा में बहस के बाद राजस्थान विधियां निरसन विधेयक पारित कर दिया गया है। इस बिल में पुराने 45 कानून खत्म करने का प्रावधान है। इनमें 37 कानून तो पंचायती राज से जुड़े हैं।

बीकानेर स्टेट डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अमेंडमेंट एक्ट 1952, बीकानेर म्यूनिसिपल अमेंडमेंट एक्ट 1952 जैसे पुराने कानून समाप्त हो गए। बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि

- राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन 45 गैर जरुरी तथा पुराने पड़ चुके कानून रद्द करने का बिल पारित कर दिया गया।

समय-समय पर अप्रचलित और अनुपयोगी कानून को हटाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में भी 123 कानून निरस्त किए गए थे। इनमें 100 अमेंडमेन्ट थे। मंत्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में 45 कानूनों के निरसन की अनुशंसा की गई है। इनमें 37 कानून मूल कानून में ही समाहित हो गए हैं। पटेल ने कहा कि लीगल सिस्टम के जरिए जनता को फायदा पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। समय -समय पर सरकार की ओर से कानून की समीक्षा की जाती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अब सांसदों का वेतन एक लाख रूपये प्रतिमाह से बढ़कर सवा लाख रूपये प्रतिमाह हुआ

## कर्नाटक की कांग्रेस सरकार भी पीछे नहीं रही, मंत्री व विधायकों को वेतन वृद्धि देने के मसले पर

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मार्च। खुद को फायदा पहुँचाने की कोशिश के तहत, आज मोदी सरकार ने सरकारी खजाने के दरवाजे खोलते हुये, वर्तमान सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी। सरकार ने वर्तमान तथा पूर्व सांसदों के वेतन, पेन्शन तथा अतिरिक्त (एडिशनल) पेन्शन के संशोधन की भी घोषणा कर दी।

संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, वर्तमान सांसदों के दैनिक भत्ते तथा 5 साल से अधिक समय तक सांसद रह चुके नेताओं की पेन्शन तथा अतिरिक्त पेन्शन भी बढ़ाई गई है।

जहाँ नागरिक अत्यावश्यक वस्तुओं की ऊँची कीमतों की मार झेल रहे हैं, वहीं मोदी सरकार ने सांसदों के वेतन बढ़ाने को प्राथमिकता दी है। सांसदों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद भी शामिल है। जाहिर है, सरकार के इस कदम से लोगों में नाराज़गी पैदा होगी।

सांसदों का वेतन "सैलरी, अलाउन्सैज़ एंड पेन्शन ऑफ मैम्बर्स ऑफ पॉलियामैंट एक्ट "में प्रदत्त अधिकारों को काम में लेते हुये बढ़ाया

- मुख्यमंत्री का वेतन 78 हजार रू. प्रतिमाह से बढ़कर 1.5 लाख रु. हो गया। तथा मंत्रियों का वेतन भी साठ हजार रु. से बढ़कर सवा लाख रुपये प्रतिमाह हो गया।
- कर्नाटक में एक साधारण नागरिक के वेतन की तुलना में एक पूर्व विधायक को दोगुने से भी कुछ ज्यादा वेतन मिलेगा और वर्तमान विधायक को आम आदमी से नौ गुना ज्यादा वेतन मिलेगा।

गया है, जो इनकम टैक्स एक्ट, 1961 में उल्लिखित "कॉस्ट इन्फ्लेशन इन्डैक्स" पर आधारित है।

सांसदों का मासिक वेतन 1,00,000 रूपए से बढ़ाकर 1,24,000 रूपए कर दिया गया है। दैनिक भत्ता 2,000 रूपए से बढ़ाकर 2,500 रूपए कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेन्शन 25,000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 31,000 रूपए प्रतिमाह कर दी गई है और 5 वर्ष से अधिक प्रत्येक वर्ष की सेवा पर मिलने वाली अतिरिक्त पेन्शन 2,000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 2,500 रूपए प्रतिमाह कर दी गई है।

कर्नाटक में कांग्रेस की राज्य सरकार ने भी मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा विधायकों को 100 प्रतिशत वेतन-वृद्धि को मंजूरी देने में कोई संकोच नहीं किया है।

ये वेतन वृद्धियाँ बजट सत्र 2025 के दूसरे चरण में दी गई। इससे चन्द रोज़ पहले ही, कर्नाटक सरकार ने अपने मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा विधायकों के वेतन में शत-प्रतिशत वृद्धि की मंजूरी दी थी।

"कर्नाटक मिनिस्टर्स सैलरीज एंड अलाउंसेज़ (अमैन्डमैंट) बिल" के अनुसार, मुख्यमंत्री का वेतन दोगुना होने के बाद, 75,000 रूपए से 1.5 लाख रूपए तथा मंत्रियों का वेतन 108 प्रतिशत वृद्धि के बाद 60,000 रूपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रूपए हो जायेगा।

कर्नाटक विधानसभा में भारी अव्यवस्था के दौरान संदर्भित विधेयक, बिना किसी बहस के पारित हो गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें

छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स | वेरिफाइड कार हिस्ट्री* | 1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है ।

TRUE VALUE CERTIFIED

JAIPUR: CHITRAKOOT MARG, SATYA COLONY, TAGORE NAGAR, JAIPUR, AURIC MOTORS: 8690988784,8890988912, 8690988758 | E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR, PREM MOTORS: 8058403311, 8058794187, 8058791634 | E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR, KP AUTOMOTIVES: 9549651769, 9116190346 | B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL, KP AUTOMOTIVE: 9549851770, 9116190344 | A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR, SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626, 8290654400, 7568249500, 9358868371 | 13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR, KTL: 7412068475, 9602001594, 9257051686 | SECTOR-35,PRATAP NAGER,TONK ROAD,JAIPUR, SANGA AUTONATION PVT LTD.: 9057809146, 9057809143, 9057809144 | PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR, VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 7232899414, 9829351470, 9079191348.

## संक्षिप्त

### साधारण सभा की बैठक 27 को

**दौसा।** जिला परिषद दौसा की साधारण सभा की बैठक 27 मार्च गुरूवार को प्रातः 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभा भवन में जिला प्रमुख हीरालाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीना ने दी। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आज टोंक। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन मंगलवार, 25 मार्च को जिला मुख्यालय के कृषि ऑडिटोरियम में अपरा 3 से 5 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाड़मेर से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जिला वर्चुअली माध्यम से जुड़ेगा। एडीएम रामरतन सौंकरिया ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में इस संबंध में बैठक आयोजित करते हुए महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए।

### राजेन्द्र माली महामंत्री बने

**मालपुरा।** राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ तहसील शाखा मालपुरा के सम्पन्न हुये वार्षिक चुनाव मे सर्व सम्मति से राधेश्याम चौधरी को महासंघ का तहसील अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बृजलाल नगर स्थित एक निजी विद्यालय मे चुनाव प्रभारी व जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका एवं चुनाव पर्यवेक्षक राजाराम जाट की देखरेख मे हुई चुनाव प्रक्रिया। इसी क्रम मे राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के चुनाव मे चुनाव पर्यवेक्षक धर्मराज सिंह की देखरेख मे हुई चुनाव प्रक्रिया मे ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रामेश्वर लाल जाट,सभाध्यक्ष पद पर कन्हैयालाल माली,कोषाध्यक्ष चन्द्रकांत पारीक एवं संगठन मे लगातार दसवीं बार महामंत्री पद पर राजेन्द्र माली को चुना गया।

### ज्ञापन सौंपा

**मनोहरपुर।** कस्बे में मुस्लिम पार्षदों ने नगर पालिका को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आगामी ईद उल फितर के त्यौहार पर सजावट करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि ईद का पर्व 31 मार्च या 1 अप्रैल को मनाया जाएगा और इसे हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग आपस में भाईचारे के साथ मनाते हैं। ज्ञापन में जामा मस्जिद गढ़, तोपचिवाड़ा मोहल्ले की मस्जिद, लुहारमंडी, होद की पाल, और खाकिशाह मस्जिदों के आसपास 27 मार्च और 30 मार्च को साफ-सफाई करने की मांग की गई है। इसके अलावा, जामा मस्जिद से गांधी चौक बाजार और खाकिशाह स्थित ईदगाह में सजावट करवाने की भी मांग की गई है।


### जागरूकता शिविर आयोजित

**बौंली-बामनवास।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) देवेंद्र दीक्षित के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने सखी वन स्टाफ सेंटर के कार्यस्थल पर उपस्थित महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न निवारण (प्रतिषध एवं प्रतितोष) अधिनियम पोश एक्ट 2013 के संबंध में शिविर आयोजित कर जागरूक किया। सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि पोश एक्ट का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोकना महिलाओं को सुरक्षित गरिमा पूर्ण उत्पीड़न मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है।

### मुख्यमंत्री देंगे प्रदेशवासियों को सौगातें

**टोंक।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश को सौगाते देंगे। किसान सम्मेलन, युवा रोजगार उत्सव सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। साथ ही, निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# बजट घोषणाओं के कार्यों को गति देते हुये कार्य समयबद्ध करें : कलक्टर

**कोटपूतली।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा एवं सभी विभागों को बजट घोषणाओं के कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिये गये।

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के तहत 25 मार्च से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु उपयुक्त स्थानों का चयन करते हुये समस्त तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने कहा कि 25, 27 एवं 29 मार्च को क्रमशः महिला सम्मेलन, गरीब एवं अंत्योदय, युवा एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रम में



अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

राज्य स्तरीय कार्यक्रमों के साथ वी.सी. के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम भी जुड़ेंगे। जिनमें संबंधित विभागीय अधिकारी लाभार्थियों की उपस्थिति सहित राज्य स्तर से प्राप्त समस्त दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने 30 मार्च को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी सहित आमजन की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देते हुये भूमि चिन्हिकरण, भूमि आवंटन, नवीन कार्यों की डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया

■ जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यो को समय पर पूरा करें। जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने बजट घोषणाओं के प्रगतिरत कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा।

उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों के अनुरूप सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुये जिले को अग्रणी पायदान पर रखें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र लोगों को लाभान्वित करते हुये विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को विशेष कार्य योजना बनाकर प्रकरणों को निस्तारित कर एवरेज डिस्पोजल टाईम को बेहतर करते हुये जिले की रैंकिंग में सुधार करने को कहा। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुये सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिससे आमजन को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठक आयोजित

**बौंली- बामनवास।** नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च 2025 रविवार को हिंदू नववर्ष मनाने को लेकर श्री खेड़ापति बड़े बालाजी प्रांगण बौंली में नव संवत्सर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई।


**आम-सूचना** मेरे अभिभाष्य कमरूद्दीन पुत्र स्व. सुल्तान खॉं की ओर से सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 154, धनादास जी की बगीची, सेन्ट्रल जेल के पीछे, आदर्श नगर, जयपुर में मेरे अभिभाष्य का हकशफा अधिकार है यदि उक्त सम्पत्ति को अब्दुल रहमान पुत्र स्व. सुल्तान खॉं से दीगर शक्स ने खरीद किया तो वह उक्त शक्स की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।
जयपुर (शशि शेखर गौड) अधिवक्ता
दिनांक:24/3/25 मो.9414071048

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं अश्वनी कुमार कृष्णियां पुत्र स्व. श्री मेजर शिवराम सिंह, उम्र-63 वर्ष, निवासी-ग्राम पुरानावास, तहसील नीमकाथाना, जिला-सीकर (राज.) के द्वारा दिनांक 10.08.2022 को श्रीमती पिंकी कुमारी बड़सरा पुत्री श्री नेतराम बड़सरा, उम्र 24 वर्ष, हाल निवासी- प्लॉट नम्बर 59, नन्दगांव, लक्ष्मी नगर, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर को व इस मुकदमें सन्दर्भ में फाईलिंग नम्बर 20257/2019, रजिस्ट्रेशन दिनांक 29.04.2019, रजिस्ट्रेशन नम्बर 391/2019 दायर दिनांक 10.04.2019 जिसके सी.आर.एन. नम्बर RJHC020333422019 में नियुक्त किये गये एक व अन्य मुख्त्यारनामा आम को आज दिनांक 24.03.2025 को निरस्त करता हूं तथा मेरे द्वारा श्रीमती पिंकी कुमारी व अन्य अधिवक्ता एवं व्यक्ति को प्रदत्त समस्त अधिकार दिनांक 24.03.2025 से वापिस लेता हूं। आज के बाद श्रीमती पिंकी कुमारी व अन्य अधिवक्ता एवं व्यक्ति द्वारा मुख्त्यारनामा की हैसियत की कार्यवाही अमान्य होगी व उक्त मुकदमें में आज दिनांक 24.03.2025 के पश्चात नया अधिवक्ता नियुक्त किया जायेगा। सर्व साधारण को सूचित रहे। (अश्वनी कुमार कृष्णियां)

**नाम संशोधन**
मैं तिलक सिंह आयु 33 साल पुत्र श्री उमराव सिंह जाति गुर्जर नि. चान्दनगॉव तह. श्रीमहावीर जी जि. करौली। मेरी पुत्री के विद्यालय प्रवेश के समय मेरी पुत्री का नाम गलती से काजल गुर्जर दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम काजल है जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री की माता का सही नाम सुमन गुर्जर है जो सही व सत्य है। यह कि मेरी पुत्री के विद्यालय प्रवेश के समय मेरी पुत्री की जन्मतिथि गलती से 20.07.2013 दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है, जबकि मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि 27.10.2013 जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री के विद्यालय रिकार्ड में पुत्री के पिता का सही नाम तिलक सिंह व मेरी पुत्री की माता का सही नाम सुमन गुर्जर व मेरी पुत्री का सही जन्मतिथि 27.10.2013 दर्ज करवाना चाहता हूं जो की सही व सत्य है।

**कार्यालय नगर परिषद करौली ( राज. )**
क्रमांक: 4773-76 **सार्वजनिक/आपत्ती आमंत्रण सूचना** दिनांक: 24.03.2025
सर्वसाधारण एवं हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा आवासीय से व्यावसायिक भू उपयोग परिवर्तन हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई हैं। अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों /दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे अथवा आवेदन पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहता हो, वह अन्दर अवधि 15 योम/ दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित अवधि उपरान्त कोई आपत्ती अन्तर्विष्ट/समाहित नही की जावेगी तथा भू उपयोग परिवर्तन करने की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | पिता/पति का नाम | खसरा नम्बर | भूखण्ड संख्या | पट्टा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुरारीलाल गर्ग | प्रभूलाल | 4755 | - | 587/1990 | 190 वर्गगज |

सूचित हो। आयुक्त, नगरपरिषद, करौली


## नीरज सैन को मिलेगा राजस्थान श्री आवार्ड



**पावटा।** राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा, भारत के पंचशील सिद्धान्तों को वैश्विक स्तर पर बढाने वाली संस्था राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा जयपुर के रतन बाग स्थित सांस्कृतिक सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए, क्षेत्र में किये जा रहे पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा तथा गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की सेवा कार्यो का अवलोकन करते हुए सम्मानीय प्रतिभा के रूप में संकल्प हरियाली संयोजक नीरज सैन का राजस्थान श्री आवार्ड के लिए चयन किया गया।

सैन का सम्मान के लिए चयन होने पर संकल्प हरियाली सदस्य पंकज जिन्दल, गो सेवा संयोजक सुभाष यादव, निलेश चौधरी ने बताया कि समिति ने नीरज सैन के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, गो सेवा, गरीब जरुरतमंदों की सेवा के साथ- साथ रक्तदान शिविर, कोरोना काल में पीड़ित परिवारों की सहायता करने जैसे बहुत से कार्य किये है।

समिति के द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्य आज भी लगातार जारी है। सैन के नेतृत्व में क्षेत्र के 40 से अधिक युवा समिति से जुडकर इन सेवा कार्यो को निस्वार्थ भाव से समपन करने में लगे है। सैन का यह सम्मान सम्पूर्ण समिति के सम्मान के साथ- साथ परोपकार की भावना रखने वाले सभी सेवा कार्य करने वालों का सम्मान है।

समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रथम महिला अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा सुमित्रा सिंह, राजस्थान सरकार पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा, न्यायमूर्ति करणी सिंह राठौड़, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, जिला प्रमुख जयपुर रमा चोपड़ा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्य मंत्री मंजू बाधमार,पूर्व सांसद डॉक्टर करणी सिंह यादव, प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ सैन के सम्मान के साक्षी रहेगें।

# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद

**टोंक।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जिला परिषद सभागार टोंक में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। बागडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनके जीवन में सुधार लाने के लिए जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें।





राज्यपाल ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए निर्देश।

राज्यपाल ने जल संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, इस कार्य को प्राथमिकता से समयबद्ध सीमा में पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं। पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें। राज्यपाल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को काश्तकारो को अधिकारिक जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किए। राज्यपाल ने आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा बालिकाओं की उपस्थिति एवं पोषण को लेकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पूर्व में इस योजना के लाभ से वंचित लोगों को जोडने के निर्देश दिए। डेयरी विभाग के अधिकारियों को जिले में डेयरी उत्पाद के विकास की संभावनाओ पर कार्य करने पर बल दिया। राज्यपाल बागडे ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि टोंक जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घुमन्तु जातियों एवं भिक्षावृति का कार्य करने वाले बालको को सतत प्रयास कर नियमित शिक्षा से जोडा जाएं। ताकि उनकी आने वाली पीढियां शिक्षित होकर सक्षम बन सकें। समीक्षा बैठक में जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डा. सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान सहित सभी अधिकारी मौजूद रहें।


**कार्यालय नगरपालिका टोडारायसिंह जिला टोंक (राज)**
E-Mail – nptodaraisingh@gmail.com Ph. – 01433-294303
क्रमांक : नपाटो / 2024–25 / 4300 दिनांक :– 20.03.2025
**निविदा सूचना संख्या : 07/2024–2025**
दिनांक 30.03.2025 को राजस्थान स्थापना दिवस व हिन्दू नव वर्ष को धूमधाम से मनाने हेतु नगरपालिका टोडारायसिंह द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसमें इच्छुक संवेदक अपने कार्यो हेतु पालिका द्वारा दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक विकय की जायेगी एवं उसी दिनांक को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त की जाकर दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।
जिसके NIB No. :- DLB2425A6752
UBN No. :- DLB2425SSOB21884 TO DLB2425SSOB21889
राज.संवाद / सी / 24 / 13717 अध्यक्ष नगरपालिका टोडारायसिंह अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका टोडारायसिंह

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)**
क्रमांक-2599-2609 दिनांक-24/3/2025
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सवाई माधोपुर के थाना मलारना डूगर के द्वारा 207 एमवी एक्ट में जप्तशुदा वाहन 01 मिनी बस, 01 बोलेरो, 01 मोटर साईकिल जिनमें राष्ट्रीय लोक अदालत तालूका विधिक सेवा समिति बौली सवाई माधोपुर द्वारा दिनांक 13.07.2024 को पारीत निर्णय अनुसार वाहनो कि निलामी हेत वाहनो को जिस स्थिति में है दिनांक 08.04.2025 को प्रातः 12:00 बजे गठित समिति द्वारा मलारना डूंगर थाना के परिसर में नीलाम किया जावेगा। अतः इच्छुक खरीद्वार / बोलीदाता को जरिये विज्ञिप्त सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
पुलिस अधीक्षक, जिला सवाई माधोपुर


# पेजयल, शिक्षा, चिकित्सा से जुड़े कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**पावटा।** सोमवार को पावटा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेडा, विकास अधिकारी सुशीला यादव व पुत्र प्राप्ति पर प्रधान पूजा चौधरी की अनुपस्थिति में उप प्रधान राजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में हुई।

वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे उप प्रधान राजेंद्र सिंह शेखावत के निर्देशानुसार विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खनिज विभाग आदि विभागों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वर्ष 2025- 26 के वार्षिक कार्य योजना एवं गत बैठकों



पंचायत समिति पावटा की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

का अनुमोदन किया गया।

वही उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने सभी अधिकारियों से संवाद करते हुए हिदायत दी कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसके साथ कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो अपनी समस्याओं से अवगत करवाया इसका त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा पेजयल, शिक्षा, चिकित्सा, महिला बाल विकास , सड़क, विद्युत से जुड़े कई मुद्दों को रखा । इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रशासक एवं विभागीय अधिकारी व कर्मचारी सहित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कार्यशाला संपन्न

**निवाई।** योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित कार्यशाला सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सतत् पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यशाला के तीसरे दिन प्रथम सत्र में अरविंदकुमार टेलर व्याख्याता विशेष शिक्षा ने विद्यालय प्रबंधन में सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप के महत्त्व पर विस्तार से चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में सोनिया जांगिड़ व्याख्याता विशेष शिक्षा ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप में आपातकाल को समझने के तथ्य पर प्रकाश डालते हुए आपातकालीन परिस्थितियों को गहराई से समझाया गया। तृतीय सत्र में श्री शिरोमन व्याख्याता विशेष शिक्षा ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप पर तीन दिन चले व्याख्यान पर खुली चर्चा का सत्र रखा गया तथा सहभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विषय विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन सत्र का आयोजन हुआ।


**आम-सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि मोहम्मद मोनिस खान पुत्र श्री मोहम्मद मोहसीन खान ने श्रीमती नुजहत परवीन पत्नि श्री अमीनुद्दीन से प्लाट नम्बर 158 चार मन्जिला, धन्नादास की बगीची, फतेहटीबा स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज सत्तर लाख रूपया में खरीद का जूबानी इकरार 20.01.2025 को किया। दस लाख रूपया आर.टी. जी.एस. से अग्रिम दे दिया है। बैंक से ऋण भी स्वीकृत हो गया है। किसी को आपत्ति हो तो बताये। अन्य कोई भी उक्त प्लाट नही खरीदे। अन्यथा स्वयम् जिम्मेदार होगा।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक मो.नं:-8824515124

**खोया पाया**
मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल द्वारा जारी फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 69406 जारी दिनांक 12.12.2022 कहीं खो गया है, जिस व्यक्ति को मिले तो निम्न पते पर पहुंचाने कष्ट करें। गोपाल सिंह राजपुरोहित पता-बाडिया हनुमान गली रूपावास सोजत पाली, राजस्थान

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील डाबी पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द डाबी निवासी-ई-15, नारायण सागर-ई, नारायण विहार, असरपुरा, जयपुर, राजस्थान के द्वारा आमेर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है कि सराय बावड़ी, दिल्ली रोड, जयपुर **सुमन विहार** 'ए' के नाम से आवासीय कॉलोनी है जिसमें प्लाट नं. 12, **किरण सैनी** व प्लाट नं. 13 **शाहिद खान** के नाम विवादित है, यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था इन दोनों प्लाटों के प्रति एडवांस रूपये देता है या रजिस्ट्री करवाता है तो उसका जिम्मेदार स्वयं ही होगा। इससे सम्बन्धित किसी भी विवाद में सुनील डाबी या उनकी संस्था जिम्मेदार नहीं होगी। इसकी सूचना जानने के लिए आमेर थाना में सम्पर्क करें:- 9829983968

**SSB Block Malakhera जिला Alwar**
**राजस्थान मान्यता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थान**
**SSP ब्लॉक मालखेडा जिला अलवर में RTE के तहत 25% निःशुल्क + कक्षा PP3+ कक्षा Ist** में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करना व दस्तावेज अपलोड करना दिनांक 24.03.2025 से 07.04.2025 तक व ऑनलाइन लॉटरी वरीयताक्रम निर्धारित दिनांक 09.04.2025 अभिभावक द्वारा ऑनलाइन रिर्पोटिंग दिनांक 09.04.2025 से 15.04.2025 तक होगी तथा शेष प्रक्रिया विभागनुसार होगी।
**RTE विज्ञप्ति 2025-26**

| क्र.सं. | नाम विद्यालय | कुल सीट | आरक्षित सीट |
|---|---|---|---|
| 01 | Harish UPS Khareda | 40 | 10 |
| 02 | Pankaj Adarsh UPSBaleta | 40 | 10 |
| 03 | Vishal UPS,Poonkhar | 32 | 08 |
| 04 | Radha KrishanUPS, Bhandodi | 20 | 05 |
| 05 | Saraswati Sr. Sec. School, Bhandodi | 40 | 10 |
| 06 | Chirag UPS, Poonkhar | 40 | 10 |
| 07 | Jeet Public School, Bhandodi | 60 | 15 |
| 08 | Malakheda Sr. Sec. School, Bhandodi | 60 | 15 |
| 09 | Radhakrishan Academy Sarangpura | 160 | 40 |
| 10 | Radha Krishna Memorial Public Sr. Sec. School Prithvipura | 60 | 15 |
| 11 | Royals Academy Shikshan Sansthan Khareda | 40 | 10 |
| 12 | Payal Adhyayan Shiksha Sansthan Sr.Sec. School Poonkhar | 40 | 10 |
| 13 | Yatharth PublicUPS Poonkhar | 40 | 10 |
| 14 | Vidya Valley Inernational School Poonkhar | 40 | 10 |
| 15 | Virat Memrorial School Shyam Ganga | 80 | 20 |
| 16 | Nirwan Acdemy Mundiya (English, Hindi) | 80 | 20 |
| 17 | Gopal Adarsh Vidya Mandir Sec. School, Barkhera | 80 | 20 |
| 18 | Bal Vivek Sr. Sec, School, Barkhera | 80 | 20 |
| 19 | Deeksha Academy Beejwar Naruka | 40 | 10 |
| 20 | Shiv Pub. Sec. School Dhakpuri | 60 | 15 |
| 21 | Alwar Valley Kids Academy, Malakhera | 100 | 25 |
| 22 | Saini Vidya Mandir Sr. Sec. School Malakhera | 60 | 15 |
| 23 | Pole Star International School Malakhera | 100 | 25 |
| 24 | Malkahera Public School, Malakhera | 80 | 20 |
| 25 | Prince Academy School Sota ka bass, Leeli | 80 | 20 |
| 26 | Vyas Shikshan Sansthan Sr. Sec School Malakhera | 120 | 30 |
| 27 | Gyananjali Academy Malakhera | 40 | 10 |
| 28 | Veer Teja Academy Malakhera | 80 | 20 |
| 29 | Yadav Sr. Sec. School , Bader ka bas | 80 | 20 |
| 30 | Hindustan Academy Sec. School Kairwara | 80 | 20 |
| 31 | Amit Public Sr. Sec. School Ahir Bas Bhadkol | 80 | 20 |
| 32 | Shri Krishan Shikshan Samiti Kerwawal | 40 | 10 |
| 33 | Shiva Adarsh Secondary School, Malakehra | 100 | 25 |
| 34 | Naveen Public Senior Sec. School, Malakhera | 60 | 15 |
| 35 | Aravali Secondary School, Prithvipura | 40 | 10 |
| 36 | Baba UPS Shikshan Sanshtan dhakpuri | 60 | 15 |
| 37 | Deeksha Public Sec.School Beejwar Naruka | 60 | 15 |
| 38 | KASTURBA PUB SCHOOL PATEL NAGAR MALAKHERA | 100 | 25 |
| 39 | SHARMA PUB SCHOOL BALETA | 40 | 10 |
| 40 | SHREE SHYAM PUB SHOOL BHAJEET | 40 | 10 |
| 41 | VISION KIDS ACADEMY MADANPURI ALWAR SSB Block Malakhera | 40 | 10 |

अध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक मालाखेडा (अलवर) उपाध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक मालाखेडा (अलवर)


## बैठक आयोजित

**अलवर।** 25 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। एडीएम शहर ने कार्यक्रमों से संबंधित नोडल विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्थान दिवस के तहत आयोजित होने वाले सात दिवसीय कार्यक्रमों के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के साथ आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए समयबद्ध रूप में सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमों की तैयारियां विभागीय आदेशों के अनुरूप सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। 25 मार्च अपराह्न 3 बजे से सांय 5 बजे तक महिला सम्मेलन, 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम, 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक गरीब एवं अन्त्योदय कार्यक्रम, 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुशासन समारोह, 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च को सांय 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 25 से 30 मार्च तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**दौसा।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 25 मार्च से 30 मार्च तक जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके तहत पहले दिन मंगलवार को जिला परिषद सभागार में दोपहर तीन बजे से मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' होगा। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर कार्यक्रमों के प्रभावी एवं सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की और बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब, युवा, महिला और किसानों सहित सभी वर्गों को विशेष सौगातें देंगे। इसके साथ ही सुशासन

■ 25 मार्च को होगा मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन'

समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने इन सभी कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की और कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी तय जिम्मेदारियों के मुताबिक बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में आने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान दिवस कार्यक्रमों का आगाज 25 मार्च को जिला परिषद् सभागार में दोपहर तीन बजे से मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन' से होगा, जो बाडमेर में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडा होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की ओर से विभिन्न विभागीय योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे और डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। साथ ही, जिला स्तर पर उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री का संवाद भी होगा।

जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला परिषद सभागार में 26 मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफपीओ का कार्यक्रम, 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' कार्यक्रम, 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' तथा 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन होगा। इसी प्रकार 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को बजरंग मैदान में 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' होगा।


**!! कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली ( राज. ) !!**
क्रमांक:-ब-15()सामा./करौली/2025/2605-35 दिनांक: 24.03.2025
**खुली निविदा सूचना**
जिला पुलिस अधीक्षक करौली के अन्तर्गत आने वाले थानों/कार्यालय एवं पुलिस चौकियों के कम्प्यूटर्स एवं हार्डवेयर उपकरणों की मरम्मत हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध वर्ष 2025-26 के लिए (एएमसी) एवं कम्प्यूटर/प्रिन्टर/यूपीएस हार्डवेयर के स्पेयर पार्टस की मोहर बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04.04.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक प्राप्त की जावेंगी। प्राप्त निविदाऐं उसी दिनांक 04.04.2025 को निविदा दाताओं के समक्ष अपरान्ह 03.00 बजे खोली जावेंगी।

| क्र. सं. | नाम आईटम | अनुमानित राशि | निविदा फार्म | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर/प्रिन्टर/यूपीएस/स्केनर के कन्ज्यूमेबल आईटम की दर संविदा के उपकरणों की दरों का वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध | 3.00 लाख | 200/- रू. | 6000/रू. |

**नोट:-**बिड प्रपत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज निर्धारित बिड प्रपत्र शुल्क कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली में किसी भी कार्य दिवस को पोस्टल आर्डर/डी.डी./चैक जमा करवाकर दिनांक 04.04.2025 को दोपहर 01.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं या वेबसाईट karaulipolice.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurment Portal से भी डाउनलोड किया जा सकता है डाउनलोड किये गये बिड प्रपत्र का प्रारूप निर्धारित शुल्क बिड दाता द्वारा पृथक से पोस्टल आर्डर/डी.डी./चैक कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली के नाम से बिड के साथ संलग्न करना होगा। देरी से प्राप्त निविदादाताओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा शर्तें वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।
जिला पुलिस अधीक्षक करौली

# करोड़ों के टेंडर में मिलीभगत का खेल

## तीन साल की डिफेक्ट लाइबलिटी घटा कर छह महीने की

■ ऱोड कट में अभी डिफेक्ट लाइबलिटी तीन साल थी जिससे सड़क के टूटने के बाद उसे ठीक करने की जिम्मेदारी बनाने वाले की थी, टेंडर खोलने की तैयारी ठेकेदारों को फायदा, जेडीए को नुकसान

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण में रोड कट को ठीक करने में ठेकेदार और इंजीनियर्स के बीच मिलीभगत का खेल खेला जा रहा है जिससे ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा और जेडीए को नुकसान होना तय है। इसमें सारा खेल डिफेक्ट लाइबलिटी का समय घटाने का है।

ताजा मामला अभी जोन 9 और 11 का है जिसमें रोड कट में ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा देने के लिए मिलीभगत का खेल खेला जा रहा है। इसका टेंडर भी आज कल में खुलेगा। जेडीए के नए टेंडर में तीन साल से समय घटा कर छह महीने कर दिया है। इससे ठेकेदारों को करोड़ों का फायदा और जेडीए को नुकसान होगा।

जेडीए के विभिन्न जोनों में अभी तक रोड कट को रिपेयर करने के बाद उसे ठीक करने की जिम्मेदारी तीन साल तक सड़क बनाने वाले ठेकेदार की होती थी। इससे यह होता था कि ठेकेदार सड़क खराब भी बनाता था या कोई कमी रह जाती थी तो उसे ठीक करने का काम भी उसी को करना होता था।

इससे जेडीए को नुकसान भी नहीं होता था। बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल जाती थी। जेडीए के कुछ जोनों में एक्सईएन ने अपने स्तर पर ही इस डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड को तीन साल से घटा कर छह महीने कर दिया है।

जेडीए को जोन 9 और जोन 11 में रोड कट के करोडों रुपए के टेंडर हुए हैं जो आजकल में खुलने हैं। इन टेंडर में सिर्फ छह महीने डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड रखा है जबकि यह तीन साल का होना चाहिए।

### सड़क बार-बार टूटने के बाद जेडीए सुधारेगा

रोड कट को ठीक करने के छह महीने बाद सड़क टूटती है तो उसे ठीक करने की जिम्मेदारी जेडीए की होगी। ठेकेदार तो अपना भुगतान लेकर निकल जाएगा। उसके बाद सड़क टूटने पर जेडीए को अपने खर्च पर सड़क ठीक करनी होगी। इस तरह करोड़ों रुपए जेडीए को खर्च करने होगे। सड़क को ठीक करने में किस तरह का मैटेरियल लगाया जा रहा है, क्या-क्या कमियां छोड़ी जा रही है। इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा और ठेकेदार लीपापोती करके निकल लेगा।

### यह कमियां निकली

हाल ही में जेडीए के जोनों में हुए रोड कट छह महीने भी नहीं चले हैं। अलग अलग जोन में पानी की लाइन डालने के बाद जब इन कट को रिपेयर करने के तीन महीने में ही टूटने लगे तो ठेकेदार को ही इसे ठीक करना पड़ रहा है। ठेकेदार लीपापोती करके नहीं निकल सकता।

उसे मजबूरी में यह सड़क ठीक करनी होगी और गुणवत्ता भी सुधारनी होगी। अब ठेकेदार इस जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। इस कारण ये रोड कट की अवधि कम करके छह महीने में ही कराना चाहते हैं जिससे भविष्य में रोड कट का जिम्मेदारी नहीं रहे।

मिट्टी पूरी नहीं, सड़के रह जाती है पोली ऱोड कट को रिपेयर करते समय पहले गड्ढो को मिट्टी से भर दिया जाता है लेकिन ठेकेदारउसमें पानी नहीं छोड़ते जिससे मिटटी नहीं बैठती और पोली रह जाती है।

ढंग से रोलर नहीं चलाया जिससे मिट्टी बैठ नहीं पाई। इससे सड़क पोली रह जाती है। कभी भी भारी वाहन चलने से बैठ सकती है या कोई बड़ा गड्ढा भी हो सकता है।

### इस तरह काम होना चाहिए जो नहीं होता

सड़क बनाने में मिट्टी भरने के बाद जीएसबी डब्लूएमएम डाली जाती है जो यह डेढ फुट तक डालनी होती है। पूरी तरह नहीं डाली जाती। इसके बाद डब्लूएमएम को रोड से 90 एमएम नीचे रखना होता है पूर्व बनी हुई रोड से। वो काम भी नहीं किया जाता। इसके बाद डीबीएम 50 एमएम डालनी होती है थी जो नहीं डाली जाती । डीबीएम में डामर भी मामूली सी डालते हैं। इसमें बिटुमिन कंक्रीट डाली जाती है।

## पार्सल देने के बहाने घुस कर चैन लूटी, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) और करणी विहार थाना पुलिस ने पार्सल देने के बहाने घुस कर चैन लूट की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि सीएसटी और करणी विहार थाना पुलिस ने पार्सल देने के बहाने घुस कर चैन लूट की वारदात करने वाले आशीष जांगिड़ (25) निवासी मुकुन्दगढ जिला झुन्झुनू हाल करणी विहार जयपुर और अरुण राजपूत (22) निवासी हरसोरा जिला अलवर हाल कोतवाली जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों से लूटी गई चैन और वारदात में प्रयोग ली गई स्कूटी बरामद की हैं। गिरफ्तार बदमाश आशीष जांगिड़ और अरुण राजपूत ने सिटी में पहले भी कई वारदात करना कबूल किया हैं। दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया हैं। इस पूरे ऑपरेशन में सीएसटी के कांस्टेबल मनोज कुमार,बिशन सिंह और धर्मी मीणा की विशेष भूमिका रही। गिरफ्तार दोनों बदमाशों ने करणी विहार थाना इलाके में 20 मार्च को दोपहर में जगदम्बा नगर पावर हाउस के पीछे एक घर में पार्सल देने के बहाने घुसे और वहां मौजूद बुजुर्ग महिला की चैन तोड़ कर फरार हो गए।

## सार-समाचार

### शिविर में 50 यूनिट रक्तदान



**जयपुर।** कोली समाज सांगेश्वर महादेव मंदिर एवं सर्व समाज सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कोली समाज के नवयुवकों द्वारा शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष मे प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन सांगेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण सांगानेरीओ की गुवाड़ी में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर निगम जयपुर हैरिटेज महापौर कुसुम यादव एवं ग्यारहबास कोली पंचायत विकास समिति के अध्यक्ष इन्द्र कुमार बासनवाल ने किया। शिविर में कोली समाज के युवाओ व महिलाओ ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर के मुख्य आयोजक व समाज सेवी रवि कुमार मंडिया की अध्यक्षता मे शिविर मे 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर मे कोली समाज की महिला कार्यकर्ताओ रेखा देवी, भगवती देवी, पिंकी देवी सहित सांगेश्वर युवा शक्ति संगठन के सदस्य अशोक, जयराज महावर, एडवोकेट देवेन्द्र कुमार (निखिल), कैलाश महावर, सोहनलाल महावर, राजू महावर, रवि महावर, लोकेश, आकाश, महेन्द्र सिंह मंडिया, निर्मल, मनीष ने रक्तदान कर अभियान को सफल बनाने मे अपना विशेष योगदान दिया। कोली समाज सांगेश्वर महादेव मंदिर एवं सर्व समाज सेवा फाउंडेशन की ओर से सभी रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। चिकित्सा विशेषज्ञों ने बताया की रक्तदान जरूतमंदों की जान बचाने के साथ साथ दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया।

### घुमर देशी शराब सहित एक गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने अवैध रूप से देशी शराब बेचने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 53 पव्वे बरामद किए है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपी हारून उर्फ समीर गफूर बस्ती, आजाद नगर कच्ची बस्ती ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी, इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी हारून उर्फ समीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 53 पव्वे घुमर देशी शराब को जप्त किया जाकर आरोपी मोहम्मद हारून उर्फ समीर को गिरफ्तार किया गया। मुल्जिम के विरुद्ध धारा 19/54 एक्साइज एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जयपुर।** जीआरपी थाना इलाके में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है उसका पैर कटकर धड़ से अलग पड़े हुए थे। ट्रेन से टकराने से उछलकर दूर जा गिरा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है।

जीआरपी पुलिस ने बताया कि गोनेर ओवर ब्रिज के पास एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ मिला है। रेलवे ट्रैक के पास शव पड़े होने की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । जहां पुलिस को रेलवे ट्रैक से करीब 10 फीट की दूरी पर शव दो भागों में कटा हुआ पड़ा था। धड़ से कटक पैर अलग पड़े हुए थे। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया कि ट्रेन से टकराने से वह उछलकर दूर जाकर गिरा। ट्रेन की टक्कर से ही उसका शव दो टुकडों में बट गया। पुलिस ने मौका-मुआयना कर मृतक की पहचान के प्रयास किए। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### बुजुर्ग महिला से घर में घुसकर लूटपाट

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में बुजुर्ग महिला से घर में घुसकर लूट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि डोर बेल बजाकर बदमाश ने गेट खुलवाया। पार्सल देने के बहाने अंदर घुसकर चेन स्नेचिंग कर भाग निकला। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन लुटेरे का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगदम्बा नगर हीरापुरा पावर हाउस निवासी सिद्धार्थ (44) ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार सहित रहते हैं। गत दिनों अनजान व्यक्ति घर आया। डोर बेल बजने पर उनकी माताजी ने गेट खोला। गेट खोलते ही पार्सल के बहाने वह अंदर आ गया। पार्सल देने के बहाने माताजी के गले पर झपट्टा मारकर गोल्ड चेन तोड़ ली। शोर मचाकर पकड़ने के लिए पीछे भागने पर बदमाश तेजी से गलियों में गायब हो गया। चेन स्नेचिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ लुटेरे की तलाश कर रही हैं।

### बाइक सवार ने मोबाइल छीना

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में पत्नी के बाजार आए व्यक्ति के हाथ पर झपट्टा मारकर बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।पुलिस के अनुसार जौहरी बाजार निवासी धीरज शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी पत्नी के साथ श्यामनगर आया था। गोकुल धाम चौराहे पर खड़ा होकर वह घर जाने के लिए कैब बुक करवा रहा था इसी दौरान पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## छात्रावास अधीक्षक भर्ती को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने छात्रावास अधीक्षक ग्रेड द्वितीय भर्ती-2022 सामान्य वर्ग की सीटों पर आरक्षित वर्ग के एक दर्जन अभ्यर्थियों को शामिल करने के मामले में स्टाफ सलेक्शन बोर्ड और प्रमुख सामाजिक एवं अधिकारिता सचिव से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में याचिकाकर्ताओं के हित सुरक्षित रखते हुए भर्ती को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश राजेश कुमार कुलहरि व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि स्टाफ सलेक्शन बोर्ड ने छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-2 के 335 पदों पर साल 2024 में भर्ती निकाली। इसके लिए समान पात्रता परीक्षा, 2022 की मेरिट लिस्ट से पदों के मुकाबले 15 गुणा अभ्यर्थी बुलाए गए।

## तकनीकी नवाचार से मिलेगी नगरीय विकास को गति : खर्रा

■ अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया

■ खर्रा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में नगरीय विकास विभाग नये आयाम स्थापित कर रहा है। सोमवार को एमएनआईटी में अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा शुभारंभ किया गया। बतौर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खर्रा ने इस अवसर पर अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। खर्रा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है।




नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया।

अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर के रूप में, आपका कार्य केवल इमारत बनाना नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना है। आज के तेज़ी से बदलते समय में, हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के नगरीय विकास को गति मिलेगी, हमे चाहिए की हम नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों को सीखें।हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है।

उल्लेखनीय है की अभियंताओं को इस एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में विभिन्न सत्र होंगे जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा।

इस उद्घाटन सत्र में विधायक कुलदीप धनकड़ ,एमएनआईटी के निदेशक एन पी पाधी, आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक , मुख्य अभियंता आवासन मण्डल अमित अग्रवाल, टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## अवैध स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी, 4 गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से संचालित लियो थाई स्पा सेंटर पर कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी तपीश शर्मा महापुरा कॉलोनी निर्माण नगर अजमेर, सोनू सिंह भडीरा थाना गोंडा अलीगढ़ यूपी हाल टर्टल स्कूल के नीचे जगतपुरा, सलमा ऊर्फ आरती सहिद सुखदेव नगर दिल्ली हाल टरटल स्कूसल जगतपुरा, रविना ऊर्फ रूबी निहाल विहार दिल्ली हाल टर्टल स्कूल के पास जगतपुरा के रहने वाले है।

थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी, कि लियो थाई स्पा सेंटर में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की एक की एक स्पेशल टीम गठित कर मौके पर दबिश देते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि स्पा सेंटर से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस मामले में अवैध गतिविधियों में लिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।



प्रताप नगर थाना पुलिस ने लियो थाई स्पा सेंटर पर कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

## फार्मासिस्ट के 2347 पदों के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है।

विभाग ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती के 2347 पदों के लिए भी अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। फार्मासिस्ट के कुल 3067 पदों में से 252 पद बैकलॉग के हैं तथा 468 पदों पर विभिन्न कारणों से परिणाम रोका गया है।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में करीब 50 हजार पदों पर भर्ती के कार्य को जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को फार्मासिस्ट के 2347 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है।

## पूर्व मेयर मुनेश गुर्जर के मामले में ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं?

■ नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने किया क्षमता संवर्धन कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हेरिटेज नगर निगम की निलंबित मेयर मुनेश गुर्जर के घर से करीब 41.50 लाख रुपए की बरामदगी के मामले में ईडी की ओर से कार्रवाई नहीं करने के खिलाफ दायर याचिका में प्रवर्तन निदेशालय को जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी और अधिवक्ता टीएन शर्मा ने बताया कि चार अगस्त, 2024 को एसीबी ने नगर निगम हेरिटेज की तत्कालीन मेयर मुनेश गुर्जर के घर छापा मारा था। जहां एसीबी को करीब 41.50 लाख रुपए की नकदी मिली थी। एसीबी के निरीक्षक और स्वतंत्र गवाहों ने भी मामले में बयान दिए कि मुनेश गुर्जर और उनके पति इस राशि के स्त्रोत के बारे में कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। ऐसे में यह पीएमएलए अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध बनता है। ऐसे में ईडी को मामले में अपने स्तर पर कार्रवाई कर जांच करनी थी, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में कहा गया कि एसीबी ने पूर्व मेयर मुनेश, उनके पति और दो अन्य को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। ऐसे में याचिकाकर्ता ने ईडी को भी कार्रवाई करने के लिए लिखित शिकायत भी भेजी, लेकिन फिर भी ईडी ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में ईडी को मामला दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए जाए। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी पेश हुए।

## राजस्थान को मिला टीबी उन्मूलन प्रयासों के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार

■ टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर

**जयपुर।** विश्व टीबी दिवस-2025 के अवसर पर राजस्थान को टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए विशेष प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राजस्थान को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में देश में तीसरे स्थान पर रहने पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राजस्थान में टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों को सराहा। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत जैसी महत्वपूर्ण पहल को साकार रूप देने में राजस्थान ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने टीबी मुक्त अभियान की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त इस पुरस्कार के लिए चिकित्सा विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विभाग आपणो स्वस्थ राजस्थान की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि राजस्थान जल्द से जल्द टीबी मुक्त हो और टीबी मुक्त भारत अभियान के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने में राजस्थान देश का अव्वल राज्य बने।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में राजस्थान की 3,355 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 586 थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राजस्थान में अब तक 19 हजार से अधिक निक्षय मित्र (समुदाय समर्थक) जोड़े जा चुके हैं। सांसदों और विधायकों की भागीदारी से अभियान को सामुदायिक स्तर पर सशक्त किया गया है।

समारोह में राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सोनी एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.एसएन धौलपुरिया भी उपस्थित रहे।



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व टीबी दिवस-2025 के अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 7 बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

गिरफ्तार आरोपी भावेश अग्रवाल पुत्र आकाश अग्रवाल मूलतः संतोषी माता के मंदिर के पास दडवाडा रंगपुर भीमराज मंडी कोटा हाल छत्रसाल नगर नंदपुरी जगतपुरा का रहने वाला है।

पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) ने बताया कि जवाहर सर्किल क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, संदिग्धों पर नजर रखने और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस पूछताछ में आरोपी भावेश शहर के विभिन्न थाना इलाकों शिप्रा पथ, मानसरोवर, कोतवाली, मोती डूंगरी व सांगानेर सदर से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी आदतन अपराधी है और मौज-मस्ती के लिए चोरी करता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरी अन्य वारदातों में भी शामिल हो सकता है। पुलिस अब आरोपी से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया जा सके।

## युवक ने झूठ बोलकर तलाक बिना दिये ही दूसरी शादी की

■ दहेज के गहने और नकदी लेकर घर से निकाला

■ पहली पत्नी से की थी लव मैरिज

**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में शादीशुदा युवक के झूठ बोलकर दूसरी शादी करने का मामला सामने आया है। युवक ने पहली पत्नी से लव-मैरिज कर तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी से दहेज के लाखों के गहने-कैश और सामान लेकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपी पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर की रहने वाली 27 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया कि जनवरी-2023 में उसकी शादी बजाज नगर में रहने वाले युवक से हुई थी। शादी में लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी व कार सहित घरेलू सामान दिया गया था।

आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति सहित ससुराल वालों ने उसे टॉर्चर करना शुरू कर दिया। दहेज की मांग को लेकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद महिला थाना (पूर्व) में पति सहित ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया।

आरोप है कि पिछले दिनों पति के पहले से शादीशुदा होने का पता चला। लव मैरिज के बाद पहली पत्नी से पति का तलाक भी नहीं हुआ है।

पहली शादी को छुपाकर दूसरी शादी करने का पता चलने पर अपने स्तर पर परिवार ने जानकारी करना शुरू किया। दिसम्बर-2019 में गांधी नगर की रहने वाली लड़की से आर्य समाज अजमेर में शादी करना सामने आया। जनवरी-2020 में मैरिज रजिस्ट्रेशन भी अजमेर में करवाया गया था।

शादीशुदा होने के बाद भी झूठ बोलकर शादी करने का विरोध करने पर ससुरालवालों ने गलत करने की धमकी दी। सांगानेर थाने में पीड़ित विवाहिता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।



## International Waffle Day : A Sweet Celebration Around the World

Every year on March 25th, waffle lovers across the globe celebrate International Waffle Day, indulging in this crispy, golden delight. Originating from Sweden, this day coincides with Våffeldagen, marking the arrival of spring. Over time, it has gained international popularity, with different countries adding their unique twist, Belgium's thick, fluffy waffles, America's syrup-drizzled versions, and Hong Kong's egg waffles. Whether topped with fruits, chocolate, or whipped cream, waffles remain a beloved treat. So, on this day, grab a plate of your favourite waffles and enjoy the simple joy of this delicious tradition!



#LIFESTYLE

# Japandi Magic: Where Zen Meets Cozy

The Perfect Blend of Japanese Serenity and Scandinavian Comfort in Indian Homes!



Have you ever walked into a space that instantly made you feel calm, cozy, and effortlessly elegant? A place where every element seems to have a purpose, yet nothing feels overwhelming? If that sounds like the dream home you've been longing for, then let's talk about Japandi, a trend that's making waves in interior design! And no, don't get it wrong, it's not an error or typo! Japandi is, in fact, one of the finest and most luxurious design trends on the rise. A seamless blend of Japanese serenity and Scandinavian functionality, this style is redefining modern homes with its focus on simplicity, sustainability, and warmth. Imagine the minimal elegance of a Japanese tea room paired with the cozy, welcoming vibe of a Nordic cabin, that's Japandi in a nutshell!

### The Core of Japandi Style

Japandi design thrives on clean lines, neutral tones, and natural materials. It fuses the Japanese philosophy of wabi-sabi, which embraces imperfection and authenticity, with Scandi hygge, the Danish concept of coziness and well-being. The result? Interiors that feel calm, inviting, and deeply connected to nature.

Key elements of Japandi interiors include,

- *Neutral and Earthy Colour Palettes:* Shades of beige, muted greens, and warm greys dominate.
- *Sustainable Materials:* Wood, bamboo, linen, and rattan bring an organic feel.
- *Decluttered Spaces:* Functional furniture with minimal ornamentation ensures a clean aesthetic.
- *Soft Lighting:* Warm, indirect lighting enhances the sense of tranquility.

### Japandi in Indian Homes

India's evolving interior design landscape is embracing Japandi aesthetics, especially in urban apartments and modern villas. With an increasing preference for sustainable living and mindful consumption, homeowners are moving towards Japandi's less-is-more approach.

### Examples in India

1. **Bangalore's Eco-Homes:** Many high-end residences in Bangalore integrate Japandi elements like open spaces, wooden paneling, and minimalistic furniture to create a serene ambiance amidst city life.
2. **Mumbai's Compact Apartments:** Space-efficient Japandi designs, such as multifunctional furniture and neutral walls with textured accents, are making small homes feel bigger and more breathable.
3. **Goa's Luxury Retreats:** Boutique stays and resorts are incorporating Japandi aesthetics by using bamboo furnishings, large windows, and nature-inspired decor, blending Indian coastal charm with Japanese-Scandi serenity.

### Why Japandi is Perfect for India!

1. **Climate Compatibility:** The use of natural materials like bamboo and rattan makes Japandi well-suited for India's varied climate.
2. **Sustainability Appeal:** With growing awareness about eco-friendly living, Japandi's emphasis on sustainable furniture and mindful consumption resonates with Indian sensibilities.
3. **Functionality for Urban Living:** The trend's smart storage solutions and space-saving designs are ideal for compact urban homes.

### Bringing Japandi into Your Home

Interested in adopting Japandi in your space? Start with these simple steps.

- Opt for furniture with simple, clean lines, think low-height wooden sofas and sleek dining tables.
- Choose a neutral base color and accentuate it with earthy decor.
- Incorporate indoor plants to add a refreshing, natural touch.
- Embrace handcrafted ceramics and linen textiles to enhance texture and warmth.
- Use soft, ambient lighting like floor lamps and paper lanterns for a cozy glow.

Whether you're designing a new home or revamping an old one, embracing Japandi could be the key to achieving a space that is serene, stylish, and timeless.



# The Girls' Back Home!!







Williams and Wilmore are not the first astronauts to face an extended stay in space due to unforeseen circumstances. There have been previous cases where astronauts had to remain in orbit longer than planned due to technical problems or geopolitical events. The longest single spaceflight by a US astronaut was Frank Rubio's 371-day mission on board the ISS, from 2022 to 2023, which was extended due to issues with the Soyuz spacecraft that brought him to orbit. He ultimately returned on a different Soyuz capsule.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

Sunita Williams, 59, and Butch Wilmore, 62, originally embarked on an eight-day test flight of Boeing's Starliner capsule. That mission quickly turned into a nine-month ordeal when a series of helium leaks and thruster failures rendered their spacecraft unsafe for the return journey. As a result, they had to remain on the ISS, becoming part of NASA's Crew-9 rotation until a safe return plan could be arranged.

As soon as Williams and Wilmore splashed down, they were assisted out of the spacecraft and placed on stretchers. This isn't a precaution, it's a necessity. After months in microgravity, astronauts often struggle to stand, let alone walk. Balance issues, dizziness, and muscle weakness are common, making immediate medical evaluation a priority.

"A lot of them don't want to be brought out on a stretcher, but they're told they have to be," explained John DeWitt, director of Applied Sports Science.



### The Challenges of Returning to Gravity

Astronauts returning from space face a host of physiological challenges. One of the biggest? Walking. Many struggle to even stand upright. "When an astronaut returns to Earth, they are immediately forced to readjust to gravity and can experience issues standing, stabilising their gaze, walking, and turning," noted the Baylor College of Medicine. In microgravity, the body changes in unexpected ways.

- **Muscles weaken:** Without the need to support body weight, key muscle groups deteriorate, particularly in the legs and back.
- **Bone density decreases:** NASA estimates astronauts lose about 1-2% of their bone mass per month in space, making them more prone to fractures.
- **Balance is disrupted:** The vestibular system in the inner ear, responsible for spatial orientation, adapts to weightlessness. When astronauts return, it struggles to function properly, leading to dizziness and nausea. Shifts in blood pressure can lead to dizziness or fainting.

"Astronauts returning to Earth often experience dizziness when standing up, known as orthostatic hypotension," explained Japan's space agency, JAXA. "This occurs because gravity on Earth is stronger than in space, making it more difficult to deliver blood from the heart to the head."

It can take weeks, or even months, for astronauts to fully recover. "Fluids shift, blood and other bodily fluids redistribute in microgravity, often causing astronauts to appear bloated. Once back on Earth, sudden shifts in blood pressure can lead to dizziness or fainting."

### The Road to Recovery

Williams and Wilmore's rehabilitation will be intense. Their physical training will include,

- **Strength exercises:** To rebuild lost muscle mass, astronauts perform resistance training focused on the legs and core.
- **Bone recovery therapy:** Specialised regimens help counteract bone loss and prevent fractures.
- **Balance training :** This helps the vestibular system re-adapt to Earth's gravitational pull.
- **Cardiovascular conditioning:** Aerobic exercises like cycling or treadmill running are gradually reintroduced to strengthen the heart and circulatory system.

Family reunions will also play a crucial role in their return. Williams has spoken about how much she is looking forward to seeing her family-and her two dogs. "It's been a roller coaster for them, probably a little bit more so than for us," she admitted earlier this month.



## #SPACEWALK

### The Political Storm Around Their Mission

While Williams and Wilmore's extended stay on the ISS was caused by technical issues, their mission has become a point of political contention.

Elon Musk, the billionaire founder of SpaceX, claimed, without evidence, that the Biden administration had 'abandoned' the astronauts in space. Former U.S. President Donald Trump echoed this, portraying their eventual return as a rescue mission.

Wilmore, speaking from the ISS, attempted to set the record straight, "We don't feel abandoned, we don't feel stuck, we don't feel stranded... if you'll help us change the rhetoric, let's change it to 'prepared and committed,' that's what we prefer." Meanwhile, Musk's remarks sparked a feud with Danish astronaut Andreas Mogensen, who accused him of spreading misinformation. Musk fired back with an offensive remark, drawing backlash from retired astronauts and even U.S. Senator Mark Kelly, a former NASA astronaut. The dispute escalated when Kelly, criticising Musk's role in federal budget cuts, publicly ditched his Tesla in protest.

### What's Next for Boeing's Starliner?

The failure of Boeing's Starliner capsule has cast a shadow over the future of the company's commercial spaceflight programme. Engineers are still investigating the causes of its thruster malfunctions and helium leaks. *Aviation Week* reported that Starliner is unlikely to fly again in 2025, though Boeing insists that it remains committed to fixing the issues and securing new flight certifications. In contrast, SpaceX's Crew Dragon, currently ferrying Williams and Wilmore, is now rooted to be the transport for space travel.

### Have astronauts been stuck in space before?

Williams and Wilmore are not the first astronauts to face an extended stay in space due to unforeseen circumstances. There have been previous cases where astronauts had to remain in orbit longer than planned due to technical problems or geopolitical events.

The longest single spaceflight by a US astronaut was Frank Rubio's 371-day mission on board the ISS, from 2022 to 2023, which was extended due to issues with the Soyuz spacecraft that brought him to orbit. He ultimately returned on a different Soyuz capsule.

In 1991, Soviet astronaut Sergei Krikalev was stranded on board the now-decommissioned Mir space station for 311 days due to the dissolution of the Soviet Union.

Political turmoil and funding shortages delayed his return, forcing him to remain in orbit for far longer than planned. When he finally landed in March 1992, he returned not to the Soviet Union, but to a newly independent Russia.

Sunita Williams has roots in India. She was the second American astronaut of Indian heritage to go into space, after



Kalpana Chawla. Her father, Deepak Pandya, was a neuroanatomist and was born in the Jhulasan village in Gujarat, India. Sunita Williams' cousin recently told News 18 in an interview, "Sunita is a proud daughter of Gujarat, and her village, Jhulasan, is celebrating her return." Sunita Williams carried a Ganesh idol during her space mission. A photo of it floating in zero gravity is now viral. She has previously taken the *Bhagavad Gita* and other spiritual items to space.

rajeshsharma1049@gmail.com

### How did they survive in space for so long?

Despite the unexpected extension of their stay, Williams and Wilmore remained in good health and even conducted a spacewalk together in January.

Life on board the ISS follows a structured routine of exercise, work and leisure. This includes regular exercises on both the treadmill and resistance machine to maintain bone and muscle strength.

Throughout the year, several space agencies and private companies also scheduled missions to resupply the space station with food, water and oxygen.

According to *The New York Post*, her diet included pre-packaged comfort foods like pizza, roast chicken, and shrimp cocktails, along with freeze-dried fruits and vegetables. A source familiar with the Boeing Starliner mission issues said that the crew's intake of fresh produce was restricted to maintaining a nutritious diet.

Celebrating Thanksgiving last year, Sunita Williams told NBC news that the astronauts will be treated with 'some smoked turkey, some cranberry, apple cobbler, green beans and mushrooms and mashed potatoes.' NASA had also shared a video message from the astronauts stationed at the ISS earlier. The astronauts in the video shared that they had been provided butternut squash, apples, sardines, and smoked turkey for the occasion. Over Christmas, the two astronauts even enjoyed a festive dinner that included smoked oysters, crab, duck foie gras, cranberry sauce, Atlantic lobster and smoked salmon, according to *The Times* newspaper in London.

Williams and Wilmore were able to maintain contact with their families through email and telephone. In an interview with Lester Holt on NBC Nightly News in November, Williams said that she and Wilmore were 'feeling good, working out, eating right.' "We have a lot of fun up here too," she added. "People who are worried about us, really, don't worry about us... We're a happy crew up here."



#DIALECT

# Gen Z Slang




It's time for a refresher course in Gen Z vernacular.

You may have found yourself feeling like Pascal lately. As Gen Zers become more and more prominent in the workplace, so does their unique brand of communication. Gen Z slang can sound like a foreign language to older co-workers, and often, when people attempt (and fail) to use it correctly, it can be more embarrassing than ingratiating.

Most Gen Zers are self-aware enough to know that these terms won't be easily comprehensible to older co-workers, so, they'll just avoid them altogether (at least until they're comfortable enough in the workplace to speak more naturally). Also, calling this vocabulary 'Gen Z slang' is a misnomer. Most of these words and phrases didn't originate with Gen Z, or with so-called internet culture. Many of them derive from Black and queer vernacular that's spread in popularity on social platforms, and this proliferation has sparked conversations of cultural misappropriation. But these terms are now in wide use, both on and offline, so understanding their definitions can't hurt. Here's a no-judgment guide to some of the most widely used (and most widely misunderstood) Gen Z slang, so that the next time your fresh-out-of-college co-worker drops one of these words, you can avoid being cringe.



### Mother

This one's pretty straightforward. Someone is 'mother,' if they're an iconic feminine figure, and an act is 'mother,' if it contributes to that icon status. It's most often used to refer to pop stars, actresses, or other celebrities, but it can be applied in everyday life, too. And 'mother' may be a feminine word, but Gen Z isn't about binaries, so, the term can apply to someone of any gender. And yes, it is an adjective.

'Jyoti really killed that negotiation. She's so mother for that.'

### Say less

This one can sound super rude if you don't know the meaning. 'Say less' doesn't mean 'shut up.' Rather, it means, "I understand," as in, "You don't have to say anything more, because I already get your point."

'I need you to make 10 copies of this. Say less!'

### Gagged

To be 'gagged' is to be shocked, amazed, et cetera. It's essentially synonymous with being at a loss for words, and it can be used with positive or negative connotations. 'What did you think of the plot twist in that movie? I was totally gagged.'

### Ate (and left no crumbs)

If you 'ate' something, it means you executed it extremely well. Things can eat, too. If you love someone's clothing, for example, you could say, "Those jeans eat." And by extension, if you really knock something out of the park, you'll eat and 'leave no crumbs,' y'know, because you ate so much that not a speck of food was left. 'Rahul did so well in that presentation. He ate it up and left no crumbs.'

### Sending and giving life

These terms are similar, but slightly different. If something 'sends' you that means it amuses you. If something 'gives you life,' that means you love it.

'Milli's jokes in that meeting were sending me.'




### Rizz

'Rizz' is short for charisma (read: cha-rizz-ma), particularly when it comes to flirting. If you have 'rizz,' it means you're smooth, or you've got game. Hopefully, this one doesn't come up at work too often. (If this one's popping up at work too much, your office may have bigger problems than slanguage barriers.)

'Rohit has no problem getting dates-he has so much rizz.'

### Mid

'Mid' is basically short for 'middling.' To call something 'mid' is to call it of average or poor quality.

'I'm not a big fan of the office snack supply. It's pretty mid.'

### Based

Normally, 'based' means well-founded or correct; you'd call an opinion based if you agree with it, especially in political contexts. But be warned, ironic usage of 'based' is also common, and it means the exact opposite. It's normally used as a stand-alone reply to someone else's statement, not as an in-sentence adjective.


'Unpaid internships are a scam. Based.'

### Slay

One common usage of 'slay' (meaning to kill a challenge, to succeed) has been around for a while, but slay now is also used as a neutral affirmative, akin to 'gotcha' or 'okay.'

'I'll be back in 15 minutes. Slay.'

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक व्यक्ति टॉवर पर चढ़ा

## पांच फरवरी को परिवार के लोगों पर फायरिंग हुई थी, जिसमें उसके भतीजे की मौत हो गई थी

- मृतक के परिजनों ने 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी, जिसमें से दस की गिरफ्तारी हो गई है, बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग की
- देर शाम तक हरिचन्द टॉवर से नहीं उतरा, मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है, प्रशासन की समझाइश जारी

**भरतपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में मुखर्जी नगर में एक व्यक्ति मर्डर के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बीएसएनएल के टावर पर चढ़ गया। व्यक्ति की मांग है कि डीग के सदर थाना इलाके में पांच फरवरी को उसके परिवार के लोगों पर फायरिंग हुई थी, जिसमें उसके भतीजे की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर डीग जिले में दर्ज करवाई थी, जिसमें से दस की गिरफ्तारी हो गई है। बाकी आरोपियों की भी जल्द ही गिरफ्तारी की जाए। इसके अलावा आरोपी पक्ष उन्हें आये दिन जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। जब इसके बारे में पुलिस से शिकायत की जाती है तो, पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।



**भतीजे की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक व्यक्ति टॉवर पर चढ़ गया।**

कोतवाली थाना अधिकारी विनोद मीणा ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जिंदल हॉस्पिटल के पास बीएसएनएल के टावर पर चढ़ गया है। जिसके बाद जाब्ते के साथ मौके पर आए। व्यक्ति का नाम हरिचंद है, जो खोहरी गांव जिला डीग का रहने वाला है। इनका सदर थाना डीग में हत्या का मामला दर्ज है। हरिचंद की मांग है कि उस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। व्यक्ति से समझाइश की जा रही है। डीग पुलिस के अधिकारियों से भी व्यक्ति की बात करवाई जा रही है। जिससे व्यक्ति टावर से नीचे उतर सके। देर शाम तक हरिचन्द टॉवर से नहीं उतरा। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। डीग के एएसपी अखलेश शर्मा भी मौके पर आए और वार्ता की लेकिन समाधान नहीं निकला। मौके पर सीओ पंकज यादव आईपीएस अधिकारी एवं कोतवाल विनोद मीणा, एसडीएम राजीव शर्मा तहसीलदार सहित तमाम अधिकारी समझाइश कर रहे हैं। रात होने पर भी टॉवर से नहीं उतरने से परेशानी बढ़ रही है। हरिचंद देर शाम अंधेरे में भी टॉवर पर चढ़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश पक्ष और हरिचंद पक्ष का जमीन के विवाद को लेकर झगड़ा चल रहा है। 25 जनवरी को ओमप्रकाश और हरिचंद पक्ष का झगड़ा हो गया था। ओमप्रकाश पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने हरिचंद पक्ष के तीन लोग प्रदीप, मोहन, गुलजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पांच मार्च को तीनों की जमानत हुई। तीनों लोग घर आ रहे थे। इस दौरान ओमप्रकाश पक्ष ने रास्ते में प्रदीप, मोहन और गुलजार पर फायरिंग कर दी। वहां से प्रदीप और गुलजार अपनी जान बचाकर भाग गए और प्रदीप के गोली लगी और वह वहीं गिर गया।

इसके बाद ओमप्रकाश फिर से हरिचंद के घर पहुंचा। ओमप्रकाश पक्ष ने हरिचंद के घर पर फिर से फायरिंग कर दी, जिसमें गौरव और ओमप्रकाश के गोली लग गई। घटना के बाद गौरव, प्रदीप और ओमप्रकाश को आरबीएम अस्पताल लाया गया, जहां ओमप्रकाश की मौत हो गई और प्रदीप, गौरव को जयपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद हरिचंद पक्ष ने 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई, जिसमें से पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब हरिचंद की मांग है कि जल्द से जल्द बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाए।

# 13 वर्षीय किशोर का खून से लथपथ शव मिला



**उप जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर जमा लोगों की भीड़।**

- मृतक के सिर पर चोट के निशान, प्रथमदृष्टया हत्या की आशंका जताई
- मृतक किशोर कक्षा 9 का छात्र था और घर में सबसे बड़ा था, मृतक की दो बहनें हैं

**निवाई,** (निसं)। नला रोड पर स्थित कच्ची बस्ती में स्थित एक मकान में 13 वर्षीय किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा व थाना अधिकारी रामजीलाल बैरवा मय जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया।

थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि मृतक की पहचान पंकज पुत्र कमलेश रैगर निवासी लाखनपुर बौंली हाल निवासी कच्ची बस्ती के पास नला रोड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मौके पर एमयू व एफएसएल टीम को साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है। टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।

इससे प्रथमदृष्टया में हत्या का मामला दिखाई दे रहा है। मृतक किशोर कक्षा 9 का छात्र था और घर में सबसे बड़ा था। मृतक की दो बहनें हैं। मृतक के पिता कारीगर का काम करते हैं। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई और अस्पताल में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल था, जिन्हें लोग संभाल रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आईटीबीपी जवान की पत्नी के खाते से राशि निकाली

- ठगों ने लिंक भेजकर ठगी की, पीड़ित ने ऑनलाइन साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज करवाई

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के डूमोली के एक आईटीबीपी जवान की पत्नी के खाते से 98 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की ओर से ऑनलाइन साइबर सेल में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है, लेकिन अभी तक रूपए का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

आईटीबीपी में कार्यरत जवान सुबेसिंह ने बताया कि वह वर्तमान में उत्तराखंड में तैनात है। उसके पिता के पास 8 फरवरी को एक अंजान नंबर से फोन आया। इस दौरान उसने अस्पताल में ईंट मंगवाने के लिए कहा तथा रूपए फोन-पे पर डालने की बात कही। जवान का पिता अनपढ़ होने के कारण उसने अपनी पुत्रवधू सरोज को फोन दे दिया। इस दौरान जवान की पत्नी से फोन-पे नंबर लेकर एक लिंक भेजा तो खाते से दो बार में 98 हजार रुपए पार कर दिए। इस दौरान पीड़ित सरोज ने पैसे कट जाने की जानकारी अपने पति को दी तो उसने फोन पर आए नंबर पर काल किया तो वह बंद पाया। जब उसकी जानकारी जुटाई तो अलीगढ़ के एक बैंक खाते में रूपए ट्रांसफर होना पाया। घटना को लेकर सिंघाना थाने में पंहुचे तो साइबर सेल में रिपोर्ट देने की बात कही। जिस पर जवान सुबेसिंह की ओर से ऑनलाइन रिपोर्ट दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी के खाते से 98 हजार रुपए निकल जाने की रिपोर्ट देने के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस दौरान पीड़ित ने पुलिस से मामले में प्रभावी कार्रवाई कर रूपए वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# एडीए के जेईएन की बहाली की मांग, राजपूत समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया

- समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जेईएन के निलंबन को रद्द करने की मांग की।
- अजमेर विकास प्राधिकरण में कर्मचारी भी हुए लामबंद, कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली नगर निवासी डॉ. कुलदीप शर्मा के आवास पर एडीए द्वारा की गई कार्यवाही के बाद प्रशासन द्वारा एडीए के जेईएन रघुनंदन सिंह को बर्खास्त कर दिया। निलंबित कनिष्ठ अभियंता रघुनंदन सिंह की बहाली की मांग को लेकर सोमवार को राजपूत समाज सड़कों पर उतर गया। सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के लोग जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन पर जातिवाद का आरोप लगाते और जेईएन के निलंबन को तत्काल रद्द करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई और गुस्साए समाज के युवाओं में बैरिकेडिंग गिरा दिए और मुख्यद्वार के बाहर सांकेतिक धरने पर बैठ गए। वहीं इस मामले में अब अजमेर विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। राजपूत समाज के नेता रणजीत सिंह व दशरथ सिंह सकराय ने बताया कि 20 मार्च को अजमेर विकास प्राधिकरण का दस्ता पंचशील नगर ए ब्लॉक के भूखंड संख्या ए-57 पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। यह कार्रवाई उपायुक्त (उत्तर) सूर्यकांत शर्मा के आदेश पर की गई थी। टीम का नेतृत्व तहसीलदार (उत्तर) को करना था, लेकिन वे मौके पर मौजूद नहीं थे। दस्ते ने पाया कि वहां कोई निर्माण सामग्री नहीं थी और न ही पड़ौसी भूखंड ए-56 के स्वामी नितिन दरगड़ वहां मौजूद थे। इसी दौरान पास में रहने वाले डॉ. कुलदीप शर्मा वहां पहुंचे और दस्ते को कार्रवाई से रोकने लगे। जब प्राधिकरण कर्मचारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो उन्होंने गाली-गलौच की और राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इस घटना के बाद डॉ. शर्मा ने कथित रूप से डॉक्टर्स एसोसिएशन और ब्राह्मण समाज को गलत जानकारी देकर उनके समर्थन में प्रशासन पर दबाव बनाया। समाज के पदाधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत, महावीर सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रशासन ने जातीय दबाव में आकर गलत फैसला लिया और जेईएन रघुनंदन सिंह को निलंबित कर दिया, जबकि उनकी कार्रवाई पूरी तरह से वैध थी। उन्होंने कहा कि जब एडीए ने अपनी रिपोर्ट में कार्यवाही को सही ठहराया है, तो फिर जेईएन का निलंबन क्यों किया गया।

राजपूत समाज के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला कलेक्टर लोक बधु को ज्ञापन में मांग की है कि जेईएन सिंह को तुरंत बहाल किया जाए। साथ ही डॉ. कुलदीप शर्मा ने राजकार्य में बाधा पहुंचाई थी उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए। राजपूत समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

वहीं अजमेर विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ द्वारा पंचशील नगर स्थित भूखंडा ए 56 पर अतिक्रमण हटाने को लेकर एडीए के कनिष्ठ अभियंता रघुनंदन सिंह चौहान को निलबिंत किए जाने के विरोध में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर सामूहिक अवकाश लिए जाने की बात कही है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंपा लाल नागौरा ने बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि प्रकरण की संपूर्ण जानकारी सक्षम अधिकारियों की जानकारी में लाई जाएगी। साथ ही दो दिन में उचित कार्यवाही की जाएगी। इस आश्वासन के बाद सामूहिक अवकाश निरस्त कर आधे दिन का अवकाश लेने का निर्णय लिया। साथ ही आने वाले दो दिनों में सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर आगामी रणनीति तय करने की बात कही है।

# बच्चे के अपहरण का प्रयास

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर केसीसी टाउनशीप के न्यू मार्केट के पास रविवार देर शाम को एक बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने बच्चे को रास्ता पूछने के बहाने बाइक पर बैठा ले गए। बाइक सवार युवकों ने बच्चे को राजीव कॉलोनी के पास रेलवे लाइन पर मारपीट कर छोड़ गए और जाते समय मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद परिवार दहशत के माहौल में है।

छात्र के पिता अशोक कुमार ने बताया कि उसका लड़का धीरज (11) केवी स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ता है। रविवार शाम करीब आठ बजे न्यू मार्केट से मोबाइल लेकर सामान लेने गया था। इस दौरान धीरज ने अपने दादा श्योदान को फोन करके कहा कि उसे दो लड़के न्यू मार्केट से जबरदस्ती मुहं बांध कर के बाइक पर बैठा कर गंदे नाले के पास लेकर आ गए, जल्दी से मुझे आकर ले जाओ। फोन आने के बाद अशोक बेटे को लेने पहुंचा तो धीरज घबराया हुआ था और उसने कहा कि दो लड़के बाइक पर आए और उन्होंने सिंघाना का रास्ता पूछने के लिए रोका, जैसे ही उनके पास पहुंचा तो मुहं दबा कर बाइक पर बैठा कर गंदे नाले के पास ले जाकर मारपीट की और धमकी दी की तेरे हाथ की नस काट देंगे।

# तांबा वायर, स्क्रैप व बैट्रियां चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## गैंग की मास्टर माइंड लक्ष्मा बावरिया तथा आरोपी पूरण उर्फ फल्या बावरिया गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। पुलिस ने तांबा वायर, तांबा स्क्रेप वह बैट्री चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर चोरी किया गया माल भी बरामद किया है। आरोपियों से पूछताछ की तो सीकर, डीडवाना कुचामन, रेनवाल, में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

एसपी आनंद प्रकाश शर्मा ने बताया कि परिवादी शेख मोहम्मद उमर व सांवर मल कुमावत निवासी रेनवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 17 मार्च की रात्रि को मालावत बैट्री हाउस चौमूं रोड कस्बा रेनवाल में अज्ञात चोर दुकान का शटर तोड़कर इन्वर्टर बैट्रीयां, सीसीटीवी डीवीआर मशीन चुराकर ले गये एवं कस्बा रेनवाल के बाग के बालाजी के स्थित गणेश इलेक्ट्रोनिक्स वर्क्स का शटर तोड़कर लगभग एक क्विंटल ताम्बा वायर, ताम्बा स्क्रैप चुराकर ले गये। इस पर थाना रेनवाल पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए चोरी की वारदातों का खुलासा करने व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा नकबजनी की घटना में लिप्त गैंग का खुलासा करते हुए गैंग की मास्टर माइंड लक्ष्मा बावरिया तथा आरोपी पूरण उर्फ फल्या बावरिया को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त वाहन हुण्डई क्रेटा कार व रैकी में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। पुलिस टीम द्वारा चुराया गया सामान ताम्बा वायर, ताम्बा स्क्रैप व बैट्रियों को बरामद कर चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी पोमी खटीक को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपिया लक्ष्मा बावरिया के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी नकबजनी के 10 प्रकरण दर्ज हैं। प्रकरण में अन्य शेष आरोपियों की तलाश व अनुसंधान जारी है।

# जमीन पर स्टे

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की एक निजी स्कूल को सांगानेर तहसील के दांतली में पांच हजार वर्ग गज जमीन आवंटन के मामले में कब्जे और निर्माण पर यथा-स्थिति के आदेश दिए हैं। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश मैसर्स टेक्नोक्रेट एंड मैनेजर्स प्रा.लि. की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता सुनील समदडिया ने बताया कि याचिकाकर्ता की योजना में सुविधा क्षेत्र के तौर पर स्कूल के लिए जमीन आरक्षित रखी गई थी।

# सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत, एक घायल

- मनाली में हुआ हादसा, जयपुर का छात्र घायल हुआ

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र नितीश मेहता की मनाली में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। नितीश कोटपूतली का रहने वाला था।

इस घटना में नितीश का सहपाठी जयपुर निवासी रामसिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। कॉलेज प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कॉलेज के दस विद्यार्थी अपने स्तर पर घूमने के लिए मनाली गए थे। हालांकि इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को इनके घूमने जाने की जानकारी नहीं थी। इन विद्यार्थियों ने 20 मार्च को हॉस्टल और कॉलेज के गेट रजिस्टर पर घर जाने की एंट्री की थी। इसके बाद सभी मनाली के लिए निकल गए। मनाली में घूमने के लिए उन्होंने बाइक किराए पर ली। इसी में से एक बाइक स्लिप हो गई और इसे चला रहा स्टूडेंट नितीश मेहता करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरा। नितीश की मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठे राम सिंह की रीढ़ की हड्डी और सिर में चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन सीधे मनाली पहुंचे। नितीश का शव परिजन कोटपूतली ले गए जबकि रामसिंह का इलाज जयपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। रामसिंह के पिता बाबूलाल ने बताया कि वह घर पर सूचित करके ही मनाली गया था। इधर, कॉलेज प्रशासन को दुर्घटना होने के बाद ही बच्चों के इकट्ठे मनाली जाने की जानकारी मिली। कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. ब्रजेश महावर ने बताया कि स्टूडेंट्स ने एंट्री रजिस्टर में छुट्टी पर जाने की बात लिखी थी। दस विद्यार्थी छुट्टी पर गए थे। हालांकि कॉलेज प्रशासन को इस बारे में जानकारी नहीं थी कि स्टूडेंट्स इकट्ठे मनाली घूमने गए हैं।

# महासंघ के हजारों कर्मचारी 26 से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का बहिष्कार करेंगे

## पशुपालन विभाग के निर्दोष कर्मचारियों के विरुद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाहियों का विरोध

- अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने प्रदर्शन कर अति. कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**करौली,** (निसं)। पशुपालन विभाग के निर्दोष कर्मचारियों के विरुद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाहियों के विरोध में सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनमें चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष कर्मचारियो को न्याय नहीं दिया गया तो 26 मार्च से महासंघ के कर्मचारी फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का बहिष्कार करेंगे।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि विगत कुछ माह से पशुपालन विभाग के कर्मचारियों पर लगातार दमनात्मक कार्यवाही करते हुए 30 से ज्यादा कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के द्वारा सक्षम स्तर पर विरोध दर्ज करवाने के बावजूद आज तक निलंबित कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया। पशुपालन विभाग के शासन सचिव द्वारा मनमाने तरीके से निर्दोष कर्मचारियों के विरुद्ध की जा रही दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में 20 मार्च को महासंघ के प्रांतीय कार्यालय मंदिर श्री गोवर्धन नाथ जी चौड़ा रास्ता जयपुर में आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करवाने एवं निर्दोष कर्मचारियों को बहाल करवाने के लिए पशुपालन कर्मचारी संघ के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलनात्मक गतिविधियां के तहत सोमवार को धरना प्रर्दान कर ज्ञापन सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 25 मार्च से महासंघ से संबद्ध समस्त कर्मचारी प्रतिदिन विरोधस्वरूप काली पट्टी बांधकर ड्यूटी पर जाएंगे। इसके बाद भी यदि 30 से ज्यादा निलंबित निर्दोष कर्मचारियों को बहाल करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो 26 मार्च से फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।

महासंघ के महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के इतिहास में पहली बार किसी विभाग में इतनी बड़ी संख्या में बिना किसी कारण निर्दोष कर्मचारियों के विरुद्ध इस प्रकार निलंबन जैसी दमनात्मक कार्यवाहियां की गई है। प्रदेश के लाखों कर्मचारी खुद के मोबाइल एवं खुद के पैसे से नेट रिचार्ज करते हुए शासन एवं सरकार का पूरी तल्लीनता से कार्य कर रहे हैं। यहां तक कि गत एक वर्ष में अधिकांश कर्मचारी-अधिकारी राजकीय अवकाश को भी कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी किसी विभाग के एक उच्च अधिकारी द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को काम नहीं करने वाला बताते हुए ऐसी कार्यवाहियां करने के कारण प्रदेश के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है एवं महासंघ आंदोलन को विवश हुआ है। ऐसे में अब यदि जनता के काम प्रभावित होंगे तो उसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं सरकार की होगी।

# स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आगे बढ़ने की भावना से कार्य करें : राज्यपाल

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कोटा में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद किया
- 'सभी गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए'

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आगे बढ़ने की भावना से कार्य करें और स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएं। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।



**कोटा में राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर निर्देश दिए।**

राजीविका के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं खेती, पशुपालन एवं सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों में जुटी हुई हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को गोबर से खाद बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए ताकि खेतों में अधिक से अधिक देशी खाद का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजीविका के तहत महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करें और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऋण योजनाओं का बेहतर उपयोग किया जाए।

राज्यपाल ने योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यपाल बागड़े ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, अमृत सरोवर निर्माण, पशु आश्रय स्थल निर्माण आदि के बारे में जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने गांवों को पक्के रास्तों से जोड़ने के निर्देश दिए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों एवं आमजन को प्रेरित करने तथा पीएम कुसुम योजना में अधिकतम सौर उर्जा संयत्र स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को इसका अधिकाधिक लाभ मिले। उन्होंने किसानों को उनकी फसल को खरीद केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करने, जल जीवन मिशन में सभी गांवों में पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए लंबित जल कनेक्शन तय अवधि में पूरे करने के निर्देश दिऐं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, स्वामित्व योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन, ग्रामीण सुजीत शंकर, केडीए आयुक्त ऋषभ मंडल, जिला परिषद सीईओ राजपाल सिंह, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इससे पहले राज्यपाल का जिला परिषद पहुंचने पर संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी एवं पुलिस अधीक्षक शहर डॉ.अमृता दुहन एवं ग्रामीणी सुजीत शंकर ने स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

# वन विभाग का रेंजर व सहायक वनपाल 1.98 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## 78 हजार रुपये नगद एवं एक लाख बीस हजार का चेक बतौर रिश्वत ली

**कोटा/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कोटा स्पेशल टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए रेंज बोराव जिला चितौड़गढ़ के रेंजर राजेन्द्र चौधरी एवं नाका लोटयाना (उंडाखाल) के वनपाल सहायक राजेन्द्र कुमार मीणा को परिवादी से 78 हजार रूपये नगद व एक लाख बीस हजार का सेल्फ चैक कुल एक लाख 98 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा स्पेशल यूनिट को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी स्वयं के साथी की फर्म को निविदा से अलग वन क्षेत्र में ट्रेन्च व गड्डे खुदवाने का कार्य करवाये जा रहे हैं। वर्तमान समय में जितना काम करवा चुका है, उसका



आरोपी रेंजर राजेन्द्र चौधरी एवं वनपाल सहायक राजेन्द्र कुमार मीणा।

वन विभाग से भौतिक सत्यापन करवाने के बाद अलग-अलग राशि के बिल पेश किये थे। इन बिलों का भौतिक सत्यापन होने के बाद भी रेंजर

- बिलों का भौतिक सत्यापन होने के बाद भी रेंजर राजेन्द्र चौधरी व सहायक वनपाल राजेन्द्र कुमार मीणा की ओर से बिल बनाने की एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी
- रेंजर ने स्वयं के लिए 20 प्रतिशत (आवंटित निविदा राशि का) व सहायक वनपाल के लिए 2 प्रतिशत (आवंटित निविदा राशि का) रिश्वत मांगी

राजेन्द्र चौधरी व सहायक वनपाल राजेन्द्र कुमार मीणा की ओर से बिल बनाने की एवज में रिश्वत मांग की जा रही है। वहीं रेंजर राजेन्द्र चौधरी ने स्वयं के लिए 20 प्रतिशत (आवंटित निविदा राशि का) व सहायक वनपाल के लिए 2 प्रतिशत (आवंटित निविदा राशि का) रिश्वत राशि मांगी। जिस पर एसीबी कोटा स्पेशल टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान सहायक वनपाल राजेन्द्र मीणा ने 50 हजार रुपये प्राप्त किये गये तथा वहीं सोमवार को ट्रैप की कार्यवाही करते हुये रेंजर राजेंद्र चौधरी व वनपाल राजेंद्र मीणा को 78 हजार रुपये नकद व एक लाख बीस हजार का सेल्फ चेक कुल 1 लाख 98 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना साकेतनगर मय टीम द्वारा अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल मय दो जिन्दा कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार 23 मार्च को थानाधिकारी साकेतनगर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक जवान उम्र का व्यक्ति जो शिवनाथपुरा चौराहा अतिथि होटल के पास खड़ा हैं जिसके पास अवैध देशी पिस्टल हैं, जिसे वो बैचने की फिराक में हैं। सूचना विश्वसनीय होने से पुलिस द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचे तो बताये गये हुलिये का एक व्यक्ति खड़ा नजर आया जो पुलिस को देख कर छुपने लगा जिसको पुलिस टीम द्वारा डिटेन कर तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से अवैध देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस मिले जिनको जब्त कर आरोपी झाला की चौकी पुलिस थाना बर निवासी अजय कुमार मेवाडा पुत्र रमेशचन्द्र कलाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**पाली,** (नि.सं.)। पाली पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। सिरोही जिला निवासी युवक ने पाली में आकर बाइक चोरी की वारदात की। रिमांड के दौरान पुलिस को भी और भी वारदातें खुलने की उम्मीद है।

कोतवाल अनिल कुमार ने बताया कि पाली शहर के नवलखा रोड मंदिर के पास रहने वाले धर्मेंद्र प्रजापत ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उसके घर के बाहर रखी बाइक 22 फरवरी को चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एक टीम गठित की जो सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए सिरोही जिले के उड़ (बरलूट) निवासी 25 साल के रवि कुमार पुत्र गोपालराम को हिरासत में लिया। उसने पूछताछ में पाली से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। इस पर उसकी निशानदेही पर पाली से चुराई गई बाइक बरामद की और उसे गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस ने बचने के लिए चोरी की गई बाइक की दोनों नंबर प्लेट तोड़ दी और बिना नंबर प्लेट के बाइक सिरोही में दौड़ा रहा था। आरोपी पाली में एक फैक्ट्री में काम करने आए अपने रिश्तेदार के यहां मिलने आया हुआ था।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, CHITTORGARH**

S.No./ Revenue/2024-25/9859-62 Dated :- 18.03.2025

**CORRIGENDUM**

नगर परिषद द्वारा जारी निविदा सूचना कमांकः 2024–25/9751–52 दिनांक 17.03.2025 को जारी की गई थी। उक्त निविदा शर्तो के **Section-IV (Payments and Consideration)** के क.म. संख्या 12 में राशि 15.00 लाख के स्थान पर 10.00 लाख पढा जावें। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

Raj.Samwad/C/24/13687 आयुक्त नगर परिषद, चित्तौड़गढ



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान), फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/यंत्रालय/2024–25/5103 दिनांक : 19.03.2025

**ए.आर.सी ई–निविदा सूचना संख्या 13/2024–25**

बीकानेर नगर निगम को आगामी 02 वर्ष के लिए विभिन्न प्रकार के वाहनों हेतु बेट्री आपूर्ति कार्य करने हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

1. UBN Code :- DLB2425GSOB21588

राज.संवाद/सी/24/13696 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर


# व्यक्ति को लिफ्ट मांगना महंगा पड़ा

**मनोहरपुर,** (निसं)। थाना क्षेत्र के दौसा पुलिया के पास रविवार देर रात्रि को एक व्यक्ति को लिफ्ट मांगना महंगा पड़ गया। जानकारी अनुसार महेश कुमार बेनीबाल पुत्र श्रवण लाल रैगर गठवाड़ी निवासी ने थानाधिकारी मनोहरपुर में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया है कि 23-24 मार्च की रात को करीब एक बजे से दो बजे के बीच वह कैटरिंग का काम कर घर जा रहा था कि एक गाड़ी वाले ने उसे लिफ्ट दी। इस दौरान गाड़ी में बिठाकर मारपीट की और उसके पास 1000 रुपये छीन लिये और फोन से 8 हजार रुपए निकाल लिये। महेश कुमार बेनीबाल ने बताया

- गाड़ी में बिठाकर मारपीट की और उसके पास 1000 रुपये छीन लिये और फोन से आठ हजार निकाल लिये

कि गाड़ी में 6 लड़के थे, जिन्होंने उन्हें पीटा और उनका फोन और पैसे छीन लिए। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें भीखावाला की तरफ ले जाया गया और फिर नवलपुरा पेट्रोल पंप के पास उतार दिया गया। इस मामले में थानाधिकारी मनोहरपुर ने केस दर्ज कर लिया है।

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के केसरीसिंहपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। कमीनपुरा स्थित शुगर मिल के पास गन्ने की पराली से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे लगी 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई। इससे निकली चिंगारी ने पराली को आग के हवाले कर दिया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही केसरीसिंहपुर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड़ मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत यह रही कि ड्राइवर और उसका सहयोगी आग लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली से कूद गए। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार गन्ने की पराली की गांठें बनाकर ट्रॉली पर लादकर श्रीगंगानगर की ओर ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली न सिर्फ ओवरलोड थी, बल्कि काफी ऊंचाई तक लदी थी।

# अज्ञात कारणों से निजी ऑयल मिल के गोदाम में आग लगी

**नदबई,** (निसं)। नदबई डहरा रोड पर स्थित निजी ऑयल मिल के गोदाम में रविवार देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख

- आग लगने से 15 लाख का बारदाना जलकर राख

ऑयल मिल में कार्य कर रहे श्रमिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया, बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन इससे पहले गोदाम में रखा करीब 15 लाख रुपए का बारदाना जलकर राख हो गया।

विभागीय सूत्रों की मानें तो रविवार देर रात करीब ग्यारह बजे अज्ञात कारणों से आग लगने के चलते गोदाम से धुंआ निकलने लगा। धुआं निकलता देख चौकीदार ने मिल मालिक सहित अन्य श्रमिकों को आग के बारे में बताया।



नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

श्रमिकों ने निजी डीपबोर की सहायता से गोदाम में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया लेकिन, इससे पहले गोदाम में रखा लाखों रुपए का बारदाना जलकर बर्बाद हो गया। इस संदर्भ में देर शाम तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।


**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)

क्रमांक :– जसअ/2025/338 दिनांकः 20.03.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या – 47 व 48/2024–25**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।

UBN NO.-JMC2425WSOB01599 To JMC2425WSOB01600)

राज.संवाद/सी/24/13705 अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर



**Post Graduate Institute of Veterinary Education and Research**

A Centre of Excellence for Higher Veterinary Education)
(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences),
N.H.-11, Agra Road, Jamdoli, Jaipur – 302031

F.6 ( ) /PGIVER/Purch/2025/3600 Date :- 20/03/2025

**ई-बोली आंमत्रण सूचना सं 01 /2025-26**

इस महाविद्यालय में एक वर्ष तक की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था कार्य हेतु ऑनलाईन ई बोली आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | बोली/ निविदा शुल्क | आई.आई.एस.एल. की प्रक्रिया शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा व्यवस्था कार्य | रू. 40 लाख | रू. 80000/– | रू. 500.00 | रू. 1000.00 |
| 2 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से बोली प्रपत्र व शर्ते डाउनलोड करने, अपलोड प्रारम्भ/प्रस्तुत करने की दिनांक व समय | | | | 21.03.2025 से 03.04.2025 समय दोपहर 04 बजे तक |
| 3 | तकनीकी बोली खुलने की दिनांक व समय | | | | 04.04.2025 को दोपहर 2.30 बजे |

बोली प्रपत्र, बोली शर्ते एवं अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org स्टेट पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध देखी/प्राप्त की जा सकती है।

UBN No :- VAU2425SLB00155
TENDER ID : 2025_RAJUV_453952_1

राज.संवाद/सी/24/13714 अधिष्ठाता



**कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी जिला अजमेर (राज.)**

Email ID – npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.प.के./विकास/2024–25/4852 दिनांक : 20.03.2025

**-: ई निविदा (36/2024-25) (NIB NUMBER - DLB2425A6728) :-**

एतद्द्वारा यह है कि राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अधोलिखित 01 कार्य के लिए ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य – 01 (एक)

UBN NO.– 1. DLB2425WSOB21787

सभापति नगर परिषद केकड़ी — आयुक्त नगर परिषद केकड़ी

राज.संवाद/सी/24/13819



**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 14322227 दिनांक :- 21/03/2025

**ई-बिड सूचना संख्या :- जोन विद्युत-I/18/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत कार्यों हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की गई है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB Code : JOD2425A0187, UBN No. :- JOD2425WSOB00430 To JOD2425WSOB0031

राज.संवाद/सी/24/13761 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)



**Office Of The District Education Officer (HQ) Secondary Jalore (Raj.)**

No. deohqsecjalore/Accounts/2024-25/582 Date: 22.03.2025

**SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER No.-2**

Bid of short term procurement of supply of complete Ladies & Gents Bicycles procurement is inviting form interest bidders up to 27-03-2025 time 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visiting on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in of the site.

| S. No. | Item / Description of work | Estimated Cost (In Rupees) | UBN |
|---|---|---|---|
| 01. | Supply of Complete Ladies & Gents Bicycles 20" | 1,03,12,326/- | EDU2425GLOB00125 |

DIPR/C/4195/2025 (Bhera Ram) Dist. Education Officer, (HQ.) Secondary, Jalore



**कार्यालय नगरपालिका सरवाड़ जिला–अजमेर, (राज0)**

E mail. npsarwad@gmail.com Address Ajmer Kota Road Sarwar PH.No. 01496-230034

क्रमांक : न.पा.स./निर्माण/2024–25/2202 दिनांक : 20.03.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या (29/2024–25)**
**(NIB NUMBER - DLB2425A6737)**

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा के कुल कार्य –05 (पांच)

UBN NO.– 1. DLB2425WSOB21829 2. DLB2425WSOB21830 3. DLB2425WSOB21831 4. DLB2425WSOB21832 5. DLB2425WSOB21833

राज.संवाद/सी/24/13800 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


# दाह संस्कार करने पहुंचे लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला किया

**पाली,** (निसं)। पाली में एक बुजुर्ग के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर जा रहे 70 से 80 लोगों पर

- 70 से 80 लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला किया, तीन गंभीर घायलों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया
- हमले से भयभीत ग्रामीण शमशान घाट में ही शव को छोड़कर भाग गये

मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। लगभग सभी लोगों को मधुमक्खियों ने डंक मारे। तीन गंभीर घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं हमले से भयभीत ग्रामीण शमशान घाट में शव को छोड़कर भाग गये।



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया।

जानकारी के अनुसार, पाली जिले के निकट गुड़ा एंदला गांव निवासी बुजुर्ग पूराराम (65) का रविवार रात को देहांत हो गया था। सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे मृतक के परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट जा रहे थे। इस बीच उन्होंने शमशान में बॉडी रखी तो अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सब बचने के लिए इधर-उधर भागे। मधुमक्खियों ने लगभग सभी को डंक मारे। घायलों को उपचार के लिए गुड़ा एंदला, गुंदोज हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से तीन गंभीर घायल गुड़ा एंदला निवासी देवाराम (65) पुत्र भीमाराम, हिमताराम (62) निवासी कानेलाव गांव और मंगलाराम (40) पुत्र पूराराम घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है। वहीं कुछ घायल गुंदोज और गुड़ा एंदला हॉस्पिटल में उपचार ले रहे हैं।


**कार्यालय नगरपालिका, सोजत(पाली)**

E. Mail Id - eombsojat@yahoo.com eosojatcity.lsg@rajasthan.gov.in Phone No 02960 – 222028

क्रमांक/नपासो/2024–25/7634 दिनांक : 20.03.2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सोजत. द्वारा निम्न कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये अनुबंध पर सेवाए लेने/ठेका देने हेतु इच्छुक बोलीदाता/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मुलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम, 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948,वस्तु एवं सेवा कर, आयकर (पेन नम्बर) तथा राजस्थान दुकान वाणिज्यिक अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनषिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजिकृत व अनुभवी हो परन्तु प्लेसमेंट ऐजेन्सीज के माध्यम से मानव संसाधन का उपापन नही किया जायेगा, से वार्षिक दर पर संविदा करने बाबत् दो रूपो में ई–निविदा प्रस्ताव यथा तकनिकी बोली प्रस्ताव एवं वित्तिय बोली प्रस्ताव ई–प्रोक्युरमेंट ऑन–लाईन प्रकिया द्वारा निम्नानुसार आमत्रित की जाती है–

| | |
|---|---|
| निविदा के कुल कार्य | कुल कार्य 01 UBN No– DLB2425WSRC21749 |
| निविदा जारी दिनांक | 20.03.2025 समय सुबह 10.00 बजे |
| निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने शुरुआती दिनांक व समय | 21.03.2025 समय सुबह 11.00 बजे |
| निविदा दस्तावेज ऑनलाईन करवाने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 01.04.2025 समय सांय 06.00 बजे |
| निविदा दस्तावेजो/डीडी को जमा करवाने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 02.04.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक |
| बिड खोलने की दिनांक व समय | 02.04.2025 समय दोपहर 03.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated Letter to the technically Qualified Bidders |

नोट :– निविदा राशि व धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट नगरपालिका सोजत के नाम देय होगा।

राज.संवाद/सी/24/13732 अधिशाषी अधिकारी


# जोधपुर में वकील की हत्या के विरोध में जालोर के वकीलों में भी आक्रोश

**जालोर,** (कासं)। जोधपुर में एक वकील की हत्या और मारपीट की घटना के विरोध में आक्रोशित वकीलों ने जालोर में भी विरोध प्रदर्शन किया। जालोर में

- वकील की हत्या और मारपीट की घटना के विरोध में वकीलों ने धरना प्रदर्शन किया
- वकीलों ने एक दिन न्यायालयों उपस्थिति नहीं देकर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया

सोमवार को वकीलों ने एक दिन न्यायालयों उपस्थिति नहीं देकर न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया। वहीं दोपहर बाद अभिभाषक संघ की ओर से अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम अति. कलेक्टर राजेश मेवाड़ा को ज्ञापन देकर दोषियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि 14 मार्च को



जालोर में अभिभाषक संघ ने अधिवक्ता की हत्या के विरोध में कार्यवाही की मांग को लेकर एडीएम राजेश मेवाड़ा को ज्ञापन सौंपा।

जोधपुर में एक अधिवक्ता विनोद जाखड़ के साथ मारपीट की गई थी, वहीं 20 मार्च को एक अधिवक्ता चंदनसिंह की झालामंड में बर्बर हमला कर हत्या की गई, जिसके विरोध में जोधपुर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन एवं लॉयर्स एसोसिएशन के आव्हान पर जालोर में सोमवार को जिला एवं सैशन न्यायालय एवं उसके अधिनस्थ न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने उपस्थिति नहीं देकर विरोध प्रकट किया। दोपहर में अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले एवं एक अधिवक्ता की हत्या की घटना का कड़ा विरोध जताते हुए घटना के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण कुमार भादरु, वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार खान खोखर, अधिवक्ता मंगलसिंह राजपुरोहित, दौलत बाराडा, उत्तम गहलोत, नवीन कुमार गहलोत, शकील खान मेहर, सुरेंद्र चौहान, छोटूसिंह, फारुख कुरैशी, अनन्या खान, संजय खान, चंदनमल छीपा, रणजीतसिंह, विक्रमसिंह, प्रवीण बोस, धीमाराम, गणपत राजपुरोहित सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक :- निर्माण/2024-25/5202 दिनांक :- 20/03/2025

**ई - निविदा-सूचना सं0 119/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 11.23 लाख

UBN No. : DLB2425WSOB21715

राज.संवाद/सी/24/13765 आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान), फोन नं:– 0151–2226902, 2226905,
Email Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Website :- www.bikanermc.org

क्रमांक/भण्डार/2024–25/5110 दिनांकः– 19.03.2025

**(ई–निविदा सूचना सं. 02/2024–25)**

बीकानेर नगर निगम को विभिन्न आयोजनों में भोजन, अल्पाहार, चाय, कॉफी, मिनरल वॉटर, पानी की बोतल, नींबू पानी, छाछ, पानी के केम्पर, बफर सिस्टम भोजन (सर्दियों में) एवं बफर सिस्टम भोजन (गर्मियों में) उपलब्ध करवाने हेतु 02 वर्ष के लिए पंजीकृत फर्मो निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। ए.आर.सी निविदा से सम्बधित विवरण राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम, बीकानेर की वेबवाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा का कुल लागतः– 25 लाख

UBN Number : DLB2425SLOB21587

राज.संवाद/सी/24/13700 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर



**कार्यालय नगर पालिका मॉगरोल जिला बांरा (राज0)**

क्रमाकः–न.पा.मॉ./स्टोर/2025/4769 दिनांकः– 20.03.2025

**Corrigendum**

राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि पालिका निविदा सूचना कमांक 4492–4496 दिनांक 10.03.2025 के द्वारा दिनांक 26.03.2025 को आमंत्रित निविदा में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया किया जाता हैं – उक्त निविदा में तकनीकी बिड दस्तावेज कम सं. 1 से 17 तक सम्मिलित माना जावें।

| | |
|---|---|
| 1. | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 से पंजीकृत की प्रति. (140 श्रमिको से अधिक) 31.12.2025 तक वैध प्रमाण पत्र संलग्न करे। |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 के प्रमाण पत्र की प्रति |
| 3. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के प्रमाण पत्र की प्रति |
| 4. | वस्तु सेवा कर प्रमाण पत्र की प्रति |
| 5. | एन.जी.ओ. का आयकर प्रमाण पत्र की प्रति |
| 6. | राजस्थान दुकान या वाणिज्य अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशीप एक्ट 1932 अथवा इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत जारी लाईसेन्स प्रमाण पत्र |
| 7. | फर्म/एन.जी.ओ. का LIN रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र |
| 8. | SAN रजिस्ट्रेशन की प्रति |
| 9. | फर्म/एन.जी.ओ. का ISO रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र |
| 10 | फर्म/एन.जी.ओ. का MSME में रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र |
| 11 | फर्म/एन.जी.ओ. का दिसम्बर 2024 का EPF,ESI व GST बकाया नही होने का क्लीयरेंस सर्टिफिकेट की प्रति |
| 12. | फर्म/एन.जी.ओ. का वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 (प्रतिवर्ष 1.70 करोड रुपये से अधिक) टर्नओवर की प्रति, ऑडिट रिपोर्ट व बैलेन्स शीट यू.डी.एन. सहित सलंग्न करे। |
| 13. | फर्म/एन.जी.ओ. का वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 का प्रतिवर्ष का किसी भी नगर परिषद/नगर पालिका/नगर निकाय में प्रतिवर्ष कम से कम 130 कर्मचारी का श्रमिक आपूर्ति का एकल अनुभव मय कार्यादेश की प्रमाणित प्रति संलग्न करें। |
| 14. | फर्म/एन.जी.ओ. का विगत 6 माह के अन्तर्गत का किसी भी नगर परिषद/नगर पालिका/ नगर निकाय का 145 श्रमिको के कार्यादेश की प्रति |
| 15 | फर्म/एन.जी.ओ. का नगर पालिका/नगर निकाय/नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी/पार्षद/सभापति से रक्त संबंधी व ब्लेक लिस्टेड नही होने का 100 रुपये का नोन–ज्यूडिशील स्टाम्प पर शपथ पत्र मय नोटेरी संलग्न करें। |
| 16 | क्रम संख्या 1 से 15 तक शर्ते होना अनिवार्य है अन्यथा निविदादाता की निविदा को निरस्त समझा जायेगा। |

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/24/13809 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मॉगरोल

# राजस्थान दिवस को उत्सव के रूप में मनाएं : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार चार जातियों किसान, युवा, महिला एवं गरीब के कल्याण एवं उत्थान एवं आमजन के

- **'विकसित राजस्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर करें कार्य'**
- **25 से 31 मार्च तक सप्ताहभर होंगे विभिन्न आयोजन**



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को उनके निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

लिएगुड गवर्नेंस के क्रम में राजस्थान दिवस (30 मार्च, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) वृहद् स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह एवं उमंग के साथ भाग ले और राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समर्पण एवं सेवा-भाव से कार्य करे।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं आगंतुकों की परिवहन, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने राजस्थान दिवस (30 मार्च)के अवसर पर सभी जिलों के सरकारी इमारतों पर साज-सज्जा एवं लाइटिंग करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, देवस्थान विभाग को मंदिरों में आरती कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक यू आर साहू को राजस्थान दिवस आयोजनों के क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए राजस्थान दिवस गौरव की अनुभूति है। इस दिवस पर आमजन राजस्थान को विकसित बनाने के लिए सेवा और समर्पण भाव के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्मिक विभाग को राजस्थान दिवस पर विकसित राजस्थान के संबंध में शपथ का प्रारूप बनाने के लिए निर्देशित किया। यह शपथ निजी एवं सरकारी संस्थानों के कार्मिकों द्वारा ली जाएगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को राजस्थान दिवस के आयोजनों का प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों द्वारा राजस्थान दिवस देश के अन्य प्रदेशों एवं विदेशों में भी उल्लास से मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर के दौरान देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा 30 मार्च, 1949 (वर्ष प्रतिपदा संवत् 2006) के अवसर पर दिए भाषण का उल्लेख करते हुए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस भारतीय रीति-नीति से मनाएजाने की घोषणा की थी।

बैठक में मुख्यमंत्री को संबंधित अधिकारियों ने राजस्थान दिवस के संबंध में आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, 30 मार्च को प्रदेश केप्रत्येक जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयपुर के अल्बर्ट हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा माँगनियार प्रस्तुति एवं कत्थक एवं लोक नृत्यों की फ्यूजन प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतिम दिवस 31 मार्च को जयपुर में राईजिंग राजस्थान में 3 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की जाएगी। साथ ही, लॉजिस्टिक, डेटा सेंटर एवं टेक्सटाइल पॉलिसी का विमोचन किया जाएगा।

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी भास्कर ए सावंत, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 12 मई को आयोजित होगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 12 मई को, हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला श्री सिद्धपीठ बैनाडा धाम, बस्सी जयपुर में आयोजित होने वाले विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्यमंत्री निवास पर पोस्टर विमोचन कर विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में पधारने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को महासभा को बॉम्बे हॉस्पिटल के पास आवंटित की गई जमीन कन्या छात्रावास हेतु 3467 वर्ग मीटर को निशुल्क या 10 प्रतिशत पर देने हेतु निवेदन किया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आश्वासन दिया। इस दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद, पार्षद वार्ड नंबर 125 रामप्रसाद शर्मा रामजीपुरा, युवा विनोद माही कुडाया माधोपुरा मौजूद रहे।

## संवाद कार्यक्रम आज

**जयपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर मंगलवार को युवा एवं छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने बताया कि जेएलएन मार्ग स्थित पंचायती राज संस्थान के सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित युवा एवं छात्र संवाद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

# मुझे गर्व है कि मैं भी एक सैनिक की पुत्री हूं : दिया कुमारी




**उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को मिलिट्री स्टेशन में सप्त शक्ति कमांड द्वारा आयोजित वीर नारी एवं वीरांगना मिलन समारोह में सम्मिलित होकर वीरांगनाओं को सम्मानित किया।**

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को मिलिट्री स्टेशन में सप्त शक्ति कमांड द्वारा आयोजित वीर नारी एवं वीरांगना मिलन समारोह में सम्मिलित होकर देश की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले देश के वीर जवानों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर राष्ट्रिहत में उनके त्याग एवं बलिदान को नमन किया। राजस्थान में वीरांगनाओं की समृद्ध विरासत है और यहां 11,443 वीर नारियां है। समारोह में जयपुर, दौसा और अलवर जिलों से 67 वीर नारियों ने भाग लिया। इनके अलावा वीरांगनाएं, भूतपूर्व सैनिक, सेवारत सैनिक और उनके परिवार भी समारोह में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में उनके अपार बलिदान और निस्वार्थ योगदान को याद करते हुए वीर नारियों को सम्मानित किया।

दिया कुमारी ने अपने संबोधन में निस्वार्थ सेवा, समर्पण और वीरता के लिए सैनिकों और गौरव सेनानियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वीर नारियों द्वारा अपने परिवारों और समाज के लिए शक्ति का स्तंभ बनने में दिए गए समर्थन और महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। उपमुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वीर नारियों और गौरव सेनानियों के कल्याण के लिए सप्त शक्ति कमान द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार गौरव सेनानियों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करने के लिए तैयार है।

उन्होंने समाज और राष्ट्र हेतु अमूल्य योगदान के लिए वीर नारियों, वीरांगनाओं और गौरव सेनानियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं भी एक सैनिक की पुत्री हूं। दिया कुमारी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आवा अध्यक्ष मिसेज मनजिंदर सिंह के नेतृत्व में सैनिक परिवारों के कल्याण, बच्चों की शिक्षा, उनके विकास, वीर नारी और विरांगनाओं के सम्मान, सशक्तिकरण के लिए लगातार अनेक कार्यक्रम कर रही है जो कि प्रशंसनीय हैं। आपके द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, शहीद सैनिकों के लिए मोक्षधाम बनाने, सस्ती दरों में केंटीन व्यवस्था, और वीरांगनाओं के रोजगार में आ रही परेशानी को दूर करने, वृद्धाश्रम के लिए प्रयास करने जैसे कार्य किया जाना सराहनीय है।



**राजस्थान यूनिवर्सिटी में बाहरी वाहनों की नो एंट्री : राजस्थान यूनिवर्सिटी में अब बाहरी वाहनों की आवाजाही पर पबन्दी लगाई जा रही है। इनके लिए सुरक्षा के बंदोबस्त किया जा रहा है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी में सिक्योरिटी गेट लग रहे हैं। पहले गाड़ी को रजिस्टर करवाना होगा, जैसे ही गाड़ी करीब आएगी वैसे ही स्कैनर से स्कैन होकर गेट स्वतः ही खुल जाएगा, जो गाड़िया रजिस्टर नहीं होगी उनको गार्ड रजिटर में एंट्री करेंगे।**

## नवसंवत्सर का होगा जोरदार स्वागत

**जयपुर।** भारतीय संस्कृति के पावन पर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर 2082 प्रारम्भ हो रहा है। इसके स्वागत के लिए 3 दिवसीय नवसंवत्सर उत्सव बड़े ही धूमधाम से जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पण्डित सुरेश मिश्रा ने बताया कि 27 मार्च से 31 मार्च तक 5 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम नवसंवत्सर उत्सव के रूप में आयोजित किये जायेगें। जिसमें 26 मार्च को नवसंवत्सर के स्वागत के लिये चार अश्व पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाओं में रवाना होंगे और नवसंवत्सर का अनूठे तरीके से प्रचार करेंगे। भारतीय संस्कृति और नवसंवत्सर का प्रचार करने के लिये यह श्वेत अश्व जयपुर शहर के सभी मंदिरो में जाएंगे। इनका विधिवत पूजन विद्वानों द्वारा वैदिक रीति से किया जायेगा। इस अवसर पर जयपुर के विभिन्न मंदिरों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे।

पण्डित मिश्रा ने बताया कि ये चार अश्व ईशान में खोले के हनुमान मंदिर, पूर्व में गलताजी, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामी नारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमानजी, वायव्य में कदम्ब डूंगरी व उत्तर में आमेर काले हनुमान मंदिर तक जाएंगे और नवसंवत्सर का अनूठे तरीके से प्रचार-प्रसार करेगें।

# हाईकोर्ट ने एसीएस प्रवीण गुप्ता और सावंत के सिविल कारावास पर रोक लगाई

## अदालत ने मामले में अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को बड़ी राहत देते हुए वाणिज्यिक न्यायालय के उन आदेशों पर रोक लगा दी है, जिसमें दोनों अधिकारियों को तीन-तीन माह के सिविल कारावास की सजा दी गई थी। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुडे मामले में अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने पूर्व में ही एसएलपी खारिज होने के बाद संबंधित कंपनी को बकाया भुगतान की कार्रवाई शुरू कर दी थी। समान मामले में पूर्व में दायर याचिका में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को भी इसकी जानकारी दी थी। इसके बावजूद भी वाणिज्यिक न्यायालय ने एसीएस प्रवीण गुप्ता को सिविल कारावास देने का आदेश जारी कर दिया। इसके अलावा पीएचईडी के मामले में आर्बिट्रेटर के आदेश के खिलाफ वाणिज्यिक न्यायालय में स्टे प्रार्थना पत्र

- **वाणिज्यिक न्यायालय ने दोनों अधिकारियों को तीन-तीन माह के सिविल कारावास की सजा दी थी**

पर पूर्व में सुनवाई अधूरी रही थी। उस प्रार्थना पत्र के लंबित रहने के दौरान ही वाणिज्यिक अदालत ने मनमानी पूर्वक अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत को तीन माह का सिविल कारावास का आदेश दे दिया। ऐसे में दोनों आदेशों की क्रियान्विति पर रोक लगाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने दोनों अधिकारियों को दिए सिविल कारावास के आदेश पर रोक लगाते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

गौरतलब है कि नागौर मुकुंदगढ हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष 2020-21 में सडक का निर्माण किया था। जिसके कांट्रेक्ट में प्रावधान था कि तय समय से पहले रोड निर्माण होने पर कंपनी को बोनस दिया जाएगा। तय अवधि से पूर्व निर्माण होने के बाद भी बोनस भुगतान नहीं करने पर मामला आर्बिट्रेटर के समक्ष गया। भुगतान को लेकर आर्बिट्रेटर के आदेश को वाणिज्यिक न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग को राहत नहीं मिली। वहीं कुल करीब 167 करोड रुपए के बकाया भुगतान को लेकर वाणिज्यिक न्यायालय ने विभाग की संपत्तियों की सूची मांगी, ताकि उनको कुर्क कर राशि दिलवाई जा सके। न्यायालय ने मामले में भुगतान को लेकर विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव गुप्ता का शपथ पत्र मांगा, जिसके नहीं मिलने पर न्यायालय ने गुप्ता को तीन माह के सिविल कारावास की सजा के आदेश दिए। जबकि दूसरी ओर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पाइपलाइन डालने के प्रोजेक्ट में करीब 31 करोड रुपए का भुगतान नहीं होने के मामले में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत को तीन माह के सिविल कारावास की सजा सुनाई थी। इस मामले में आर्बिट्रेटर की ओर से एल एंड टी कंपनी के पक्ष में करीब 31 करोड रुपए के भुगतान का आदेश दिया।

# विधानसभा के इस सत्र में 24 बैठकों के साथ 181 घंटे 52 मिनट चला सदन

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र को सोमवार को सायं 8:26 बजे अनिश्चितकाल के लिए राष्ट्र गान के साथ स्थगित किया। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के इस

- **सोलहवीं विधान सभा का तृतीय सत्र नवाचारों के साथ सम्पन्न : देवनानी**
- **विधान सभा अध्यक्ष ने आय-व्ययक अनुमान पर एक दिवस अधिक चर्चा**
- **2841 लोगों ने देखी सदन की कार्यवाही**

सत्र से सदन को पेपरलेस चलाने की शुरुआत हुई। सदन में आईपैड के साथ सदन को गुलाबी शहर की तर्ज पर गुलाबी रंग के नये कलेवर में तैयार किया गया। देवनानी ने सोलहवीं विधान सभा के सभी सदस्यों का आव्हान किया कि सभी मिलकर राजस्थान विधान सभा को देश की आदर्श विधान सभा बनाने में सक्रिय भूमिका निभायें।

देवनानी ने कहा कि इस सत्र में विधायकों से कुल 9800 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से तारांकित प्रश्न 4480,अतारांकित प्रश्न 5302 एवं अल्प सूचना प्रश्न 18 हैं। कुल 516 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए जिनमें से 288 प्रश्न मौखिक रूप से पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये। इसी तरह 576 अतारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए। उन्होंने कहा कि विगत सत्र में विधायकों से कुल 8088 प्रश्न प्राप्त हुए थे। जिनमें से तारांकित प्रश्न 3810 एवं अतारांकित प्रश्न 4278 थे। जिनमें से कुल 420 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए 268 प्रश्न मौखिक रूप से पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये। इसी तरह 426 अतारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुये थे। देवनानी ने कहा कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में प्राप्त कुल 10,049 प्रश्नों में से अब तक 9453 के उत्तर प्राप्त हो चुके है और 596 शेष रहे हैं। 95 प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो गये है और शेष भी जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। राजस्थान विधान सभा के अभी तक के सत्रों में यह सर्वाधिक है।

देवनानी ने कहा कि नियम 50 के अंतर्गत कुल 231 स्थगन प्रस्तावों की सूचना प्राप्त हुई। इनमें से 71 स्थगन प्रस्तावों पर सदन में बोलने का अवसर दिया गया तथा 63 विधायकों ने अपने विचार रखे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि विगल सत्र में प्रक्रिया नियम 50 के अन्तर्गत कुल 194 स्थगन प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 54 प्रस्तावों पर सदन में बोलने का अवसर दिया गया था।

देवनानी ने कहा कि प्रक्रिया के नियम-295 के अंतर्गत 337 विशेष उल्लेख के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 293 विशेष उल्लेख की सूचनाएं सदन में पढ़ी गई या पढ़ी हुई मानी गई तथा 92 सूचनाओं के संबंध में राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त हुई है। विशेष उल्लेख की 40 सूचनाएं विधायकों के सदन में अनुपस्थित होने के कारण व्यपगत हुई।

देवनानी ने कहा कि विगत सत्र में प्रक्रिया नियम 295 के अन्तर्गत 280 विशेष उल्लेख के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से 255 सूचनाओं को सदन में पढ़ा गया या पढ़ा हुआ माना गया था तथा 245 सूचनाओं के संबंध में राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त हो चुकी। विशेष उल्लेख की 25 सूचनाएं विधायकों के सदन में अनुपस्थित होने के कारण व्यपगत हुई थी।

देवनानी ने कहा कि विधायकों द्वारा कुल 767 पर्चियां प्राप्त हुई। जिनमें से शलाका द्वारा कुल 84 पर्चियां चयनित हुई व हुई व संबंधित विधायकों ने अपने विचार सदन के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि विगत सत्र में विधायकों द्वारा कुल 808 पर्चियां प्राप्त हुई। जिनमें से शलाका द्वारा कुल 72 पर्चियां चयनित हुई व संबंधित विधायकों ने अपने विचार सदन के समक्ष रखे।

देवनानी ने कहा कि प्रक्रिया के नियम-131 के अंतर्गत 811 प्रस्तावों की सूचनाएं प्राप्त हुई।

# भूदान यज्ञ बोर्ड को भंग करने के आदेश रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के 18 जून, 2024 उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड को भंग किया गया था। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश बोर्ड अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा और सदस्य भंवरलाल व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाओं में अधिवक्ता सुनील समदडिया ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 11 फरवरी, 2022 को याचिकाकर्ता को भू-दान यज्ञ बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया था। वहीं 28 सितंबर, 2022 को बोर्ड के दस सदस्यों को नियुक्ति दी गई। याचिका में कहा गया कि उन्हें चार साल के लिए बोर्ड में नियुक्ति दी गई थी। ऐसे में भू-दान यज्ञ बोर्ड अधिनियम, 1954 की धारा 4 में बताई निर्योग्यताओं को छोड़कर उनके कार्यकाल को बीच में समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद भी राज्य सरकार ने बिना किसी आधार 18 जून, 2024 को बोर्ड को भंग कर दिया।

- **राज्य सरकार ने 18 जून, 2024 को राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड को भंग करने का आदेश दिया था**

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने मनमाने तरीके से राजनीतिक द्वेषता के चलते बोर्ड को भंग किया है। वहीं इस आदेश से प्रभावित होने के बावजूद याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। इसके अलावा अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। ऐसे में इस आदेश को अवैध घोषित करते हुए रद्द किया जाए। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने बोर्ड भंग करने के आदेश पर रोक लगा दी है।

# 'सहकार से समृद्धि' के तहत देश में हो रहे अभूतपूर्व कार्य : दक

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनसे महिलाओं का सशक्तीकरण हो रहा है और वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी हैं, उन्हें देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

मंत्री सोमवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत आयोजित महिला सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप देश में विगत एक दशक से महिलाओं को प्राथमिकता देकर योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मातृ शक्ति के सम्मान के लिए हर घर शौचालय और लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। दक ने कहा कि अब हर योजना का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत सरकार और राजस्थान सरकार सहकारिता क्षेत्र पर विशेष रुप से फोकस कर रही है। वर्ष 2021 में देश में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर अमित शाह को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई, जिनके नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकार से समृद्धि अभियान के तहत देश में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं और इसमें भी महिलाओं पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बने और विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर हो, इसके लिए सभी को अपनी भागीदारी निभानी होगी।

राइसेम के निदेशक रणजीत सिंह चूण्डावत ने कार्यशाला में राइसेम द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड




**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत आयोजित महिला सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिये कार्यशाला को सम्बोधित किया।**

# मिराज समूह के एमएल पालीवाल को जमानत

**जयपुर।** जयपुर मेट्रो-द्वितीय की आर्थिक अपराध मामलों की एसीजेएम कोर्ट ने दो हजार करोड रुपए की जीएसटी चोरी से जुडे मामले में मिराज समूह के मदनलाल पालीवाल व प्रकाश चन्द्र पुरोहित को सोमवार को सशर्त जमानत दे दी। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को निर्देश दिया है कि वे अदालत की मंजूरी लिए बिना देश नहीं छोडेंगे और अनुसंधान अधिकारी के बुलाने पर जांच में सहयोग करेंगे।

प्रार्थियों के अधिवक्ता दीपक चौहान के जरिए दायर जमानत प्रार्थना पत्रों में कहा था कि मामले में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से उनका कोई भी संबंध नहीं है। इस मामले में उनके खिलाफ कोर्ट ने 3 अगस्त 2024 को प्रसंज्ञान लेकर गिरफ्तारी वारंट से तलब किया था। इस आदेश को उन्होंने चुनौती दी, लेकिन उनका प्रार्थना पत्र कोर्ट ने खारिज कर दिया था। वहीं हाईकोर्ट ने अब उनके गैर जमानती वारंट को जमानती वारंट में बदल दिया है। इसके साथ हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रार्थी यदि तय समय में ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो जाएंगे।

- **दो हजार करोड रुपए का जीएसटी मामला**



वह जश्न शायद मुंबई के लिए था, शायद चयनकर्ताओं के अध्यक्ष के लिए, शायद रोहित शर्मा के लिए, शायद पूरे भारत के लिए, शायद पूरी दुनिया के लिए वह एक शानदार संतुलित खिलाड़ी है। **– माइकल वॉन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, रोहित शर्मा के लिये बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## इरफान पठान

आईपीएल 2025 के मैच शुरू होने से पहले एक बड़ा मामला सामने आया है। दरअसल, आईपीएल के इस बड़े टूर्नामेंट से अब 2 साल के लिए इरफान पठान को बाहर कर दिया गया है। इरफान पठान बेहतरीन कमेंटेटर के रूप में इस लीग से जुड़े हुए थे, लेकिन अब 2 साल तक इसमें कमेंट्री नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट की मानें तो इरफान पठान को भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ कमेंट करने के मामले में बाहर किया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की कमेंटेटर लिस्ट में इरफान पठान का नाम शामिल नहीं है।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिमी जॉर्ज एक भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी और भारतीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान थे। उन्हें अक्सर भारतीय वॉलीबॉल का भगवान कहा जाता है।

## बीसीसीआई ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का किया ऐलान 16 महिला खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली, 24 मार्च। बीसीसीआई ने साल 2024-15 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सलाना कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है। 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है। वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है। ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है। बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है। वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं। इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेड ए में शामिल हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को 50-50 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स,ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को 30-30 लाख रुपये दिए जाएंगे। इनके अलावा ग्रेड सी में शामिल सभी 9 खिलाड़ियों को साल के 10-10 लाख रुपये मिलेंगे। पिछले साल भी तीनों ग्रेड के लिए यही रकम दी गई थी।

## केएल राहुल और अथिया शेट्टी के घर गूंजी किलकारी, भारतीय क्रिकेटर बने बेटी के पिता

नई दिल्ली, 24 मार्च। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने बेटी को जन्म दिया है। इसकी जानकारी खुद भारतीय बल्लेबाजी ने सोशल मीडिया के जरिए दी है। बता दें कि, राहुल इसी कारण दिल्ली कैपिटल्स का पहला मैच खेलने नहीं आए हैं। इस कपल ने पिछले वर्ष नवंबर में जानकारी दी थी कि आथिया शेट्टी प्रेग्नेंट है। साथ ही टीम इंडिया ने जबसे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीती उसकेबाद से ही कयास लगाए जाने लगे थे कि राहुल, आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों को मिस कर सकते हैं। कमेंट सेक्शन में उनके लिए बधाइयों का तांता लगा हुआ है। बॉलीवुड से लेकर क्रिकेट जगत के तमाम हस्तियां उन्हें बधाई दे रहे हैं। केएल राहुल और आथिया शेट्टी ने जनवरी 2023 में शादी रचाई थी। उनकी शादी आथिया शेट्टी के पिता यानी सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित फार्महाउस में हुई थी। उनके शादी समारोह में केवल परिवार के सदस्यी और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे।

## आईपीएल में नहीं बिके वॉर्नर तो पीएसएल में बने कप्तान, कराची किंग्स की संभालेंगे कमान

नई दिल्ली, 24 मार्च। पाकिस्तान सुपर लीग के 10वें सीजन का आगाज 11 अप्रैल से होने जा रहा है। पीएसएल 2025 से पहले कराची किंग्स ने एक बड़ा फैसला लिया है। कराची ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को अपना नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने शान मसूद की जगह उन्हें ये जिम्मेदारी दी है। वहीं फ्रेंचाइजी ने इसके लिए शान मसूद को थैंक्यू भी बोला है। जिन्होंने पिछले सीजन में कराची टीम की कमान संभाली थी। वॉर्नर पहली बार पाकिस्तान सुपर लीग में खेलते हुए नजर आएंगे।38 वर्षीय वॉर्नर को पिछले साल आईपीएल मेगा ऑक्शन में रुसवाई मिली थी। जिस कारण उन्हें ऑक्शन में खरीददार नहीं मिला। उनका नीलामी में बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था मगर किसी भी आईपीएल फ्रेंचाइजी ने उनमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऐसे में वॉर्नर ने पीएसएल के ड्रॉफ्ट में अपना नाम भेजा, जहां कराची ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। कराची किंग्स के मालिक सलमान इकबाल ने वॉर्न को कप्तान सौंपने पर खुशी का इजहार किया है।

## निकोलस पूरन ने किया कारनामा, टी-20 में पार किया 600 छक्कों का आंकड़ा

विशाखापत्तनम, 24 मार्च। लखनऊ सुपर जायंट्स के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन ने आईपीएल 2025 के पहले ही मैच से बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जारी मुकाबले में वह अभी तक 3 छक्के जड़ चुके हैं। इन तीन सिक्स के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट में 600 छक्के का आंकड़ा पार कर लिया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के मात्र चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है कि उनसे पहले जिन तीन खिलाड़ियों ने ये कारनामा किया है वो भी वेस्टइंडीज से ही हैं। लिस्ट में यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके नाम इस फॉर्मेट में 1000 से ज्यादा छक्के दर्ज हैं।

गेल ने अपने करियर में खेली 455 पारियों में 1056 छक्के लगाए थे। वहीं पूरन ने 359वीं पारी में 600 छक्कों का आंकड़ा पार किया है। इस लिस्ट में कीरोन पोलार्ड और आंद्रे रसेल का भी नाम शामिल है। पोलार्ड टी20 में अभी तक 908 छक्के जड़ चुके हैं, वहीं रसेल 733 छक्कों के साथ उनके पीछे हैं। टॉप-5 में आखिरी बल्लेबाज इंग्लैंड के ऐलेक्स हेल्स हैं जिनके नाम 552 छक्के हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा 525 छक्कों के साथ 8वें पायदान पर हैं।

## लखनऊ सुपर जांयट्स पर भारी दिल्ली कैपिटल्स के आशुतोष शर्मा की पारी



विशाखापत्तनम, 24 मार्च। आशुतोष शर्मा (नाबाद 66), विपराज निगम (39) और ट्रिस्टन स्टब्स (34) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली कैपिल्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को तीन गेंदे शेष रहते एक विकेट से हरा दिया।

210 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज सात रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। जेक फ्रेजर-मक्गार्क (एक) और इसी ओवर में अभिषेक पोरेल (शून्य) को शार्दुल ठाकुर ने आउट कर दिल्ली दो बड़े झटके दिये। तीसरा विकेट समीर रिजवी (चार) के रूप में दिल्ली का गिरा। इसके बाद कप्तान अक्षर पटेल ने फॉफ डुप्लेसी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। छठे ओवर में दिग्वेश राठी ने अक्षर पटेल 11 गेंदों में (22) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सातवें ओवर में रवि बिश्नोई ने फॉफ डुप्लेसी 18 गेंदों में (29) को आउट कर दिल्ली को पांचवां झटका दिया। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा ने पारी को संभाला। अभी टीम का स्कोर 113 रन पहुंचा था कि मनीमारन सिद्धार्थ ने ट्रिस्टन स्टब्स को बोल्ड कर लखनऊ के लिए छठा विकेट लिया। स्टब्स ने 22 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (34) रन बनाये।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विपराज निगम लखनऊ के गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। निगम ने 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (39) रनों की तूफानी पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर की पहली गेंद पर दिग्वेश राठी ने आउट किया। 18वें ओवर की पहली गेंद पर रवि बिश्नोई ने मिचेल स्टार्क (दो) को आउट कर दिल्ली को आठवां झटका दिया। हालांकि इस दौरान दिल्ली के आशुतोष शर्मा ने हार नहीं मानी और एक छोर थामे लगातार तेजी के साथ रन बनाते रहे। आशुतोष ने 31 गेंदों मे पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 66) रनों की आतिशी पारी खेली। आशुतोष ने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलाई। दिल्ली ने19.3 ओवरों में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर मुकाबला एक विकेट से जीत लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए रवि बिश्नोई, मनीमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिये।

## गुजरात टाइटंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होगी रोमांचक भिड़ंत

गुजरात, 24 मार्च। बल्लेबाजों के लिए उच्च स्कोरिंग वाली अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच पर मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पांचवें मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच रोमांचक भिड़ंत होगी। दोनों टीमों के बीच आंकड़ों की बात की जाये तो हमेशा मुकाबला रोमांचक होता रहा है। वर्ष 2022 से 2024 तक गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच अब तक हुए पांच मुकाबलों में से चार मैच अंतिम ओवर तक गए हैं इससे यह साबित होता है कि दोनों टीमों के बीच मैच कितना रोमांचक होता है।

इन पांच मैचों में गुजरात ने तीन और पंजाब ने दो मैचों में जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बल्लेबाजों की बात की जाये तो ग्लेन मैक्सवेल को बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के लिये जाना जाता हैं। छक्के लगाने के मामले में भी मैक्सवेल सबसे सबसे आगे है। दोनों टीमों में ग्लेन मैक्सवेल (161 छक्के), जॉस बटलर (160 छक्के) और मार्कस स्टॉयनिस के नाम (91 छक्के) हैं। इसके अलावा पंजाब की टीम में शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह जैसे उभरते हुए युवा खिलाड़ी हैं। जो हर तीसरी या चौथी गेंद पर कम से कम एक बाउंड्री लगाते हैं। पंजाब के प्रभसिमरन सिंह ने अब तक 10 मैचों में 154.72 के स्टाइक रेट से 229 रन बनाये हैं। वहीं इस बार गुजरात को शुभमन गिल और जॉस बटलर के रूप में नई सलामी जोड़ी मिली है और दोनों पावरप्ले के दौरान अच्छा खासा स्कोर बनाने के लिये जाने जाते हैं। गिल ने 10 मैचों में 147.7 के स्टाइक रेट से 383 रन बनाये है।

स्पिनरों की बात की जाये तो आईपीएल 2023 से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में वरूण चक्रवर्ती (41) विकेट के साथ सबसे आगे, दूसरे नवंबर पर युजवेंद्र चहल (39) विकेट और राशिद खान (37) विकेट के साथ तीसरे नंबर आता है। तीनों ही गेंदबाज अपनी टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और वह अपने दम पर मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। गुजरात टाइटंस के लिए राशिद खान को अपनी कसी हुई गेंदबाजी के लिए जाना जाता हैं।

राशिद ने मैक्सवेल के खिलाफ 15 टी-20 पारियों में केवल 117 के स्ट्राइक रेट से रन दिया है। राशिद ने मैक्सवेल को अभी तक तीन बार आउट किया हैं। अगर राशिद अपने इस रिकॉर्ड के अनुसार प्रदर्शन करते हैं तो बीच के ओवरों में मैक्सवेल के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह हैं, जिनके खिलाफ बटलर और गिल का स्ट्राइक रेट क्रमशः 150 और 126 है। अर्शदीप इन दोनों बल्लेबाजों को टी-20 मैचों में केवल एक बार ही आउट कर पाए हैं। अर्शदीप भी इस रिकॉर्ड को सुधारना करने मैदान में उतरेंगे।

## पावर लिफ्टर सीमा रानी, झंडू कुमार ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े, मोना अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली, 24 मार्च। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 (केआईपीजी) के पांचवें दिन दो पावरलिफ्टिंग में दो राष्ट्रीय रिकार्ड बने। वहीं निशानेबाजी में मोना अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता। पंजाब की सीमा रानी ने महिलाओं के इलीट 61 किलोग्राम वर्ग में 97 किलोग्राम का रिकॉर्ड भार उठाया, जबकि बिहार के झंडू कुमार ने पुरुषों के इलीट 72 किलोग्राम वर्ग में 206 किलोग्राम भार उठाकर अपना ही रिकार्ड बेहतर किया।

उधर, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पैरालिंपियनों ने दबदबा बनाया। पेरिस 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना अग्रवाल ने मिक्स्ड 50 मीटर प्रोन एसएच1 में 243.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वह महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच 1 और मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच2 श्रेणियों में पहले ही दो रजत पदक जीत चुकी हैं। पैरा निशानेबाजी के अंतिम दिन, राजस्थान के निहाल सिंह (जिन्होंने पेरिस पैरालिंपिक के लिए भी क्वालीफाई किया था), मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में हावी रहे, और दिसंबर 2023 में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण से जीता गया अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा। पदक तालिका में हरियाणा 29 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। तमिलनाडु और राजस्थान 24 और 22 स्वर्ण पदकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सीमा ने साई मीडिया से बातचीत में कहा, नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाना और लगातार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीतना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं एथलीटों के लिए विश्व स्तरीय व्यवस्था करने के लिए साई को धन्यवाद देती हूं।

## जोकोविच ने कैराबेली को हराकर बनाई मियामी ओपन के अंतिम 16 में जगह

फ्लोरिडा, 24 मार्च। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अर्जेंटीना के कैमिलो उगो कैराबेली को हराकर मियामी ओपन के अंतिम 16 में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने अर्जेंटीना के कैराबेली को 6-1, 7-6, (7-1), से हराया। जोकोविच ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट मात्र 34 मिनट में जीत लिया और दूसरे सेट में जल्दी ही ब्रेक ले लिया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने जोकोविच ने टाई-ब्रेक के बाद कैराबेली को 7-1 से हराकर अपनी जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में 411 जीत के आंकड़े पर पहुंच गए हैं।

## तमीम इकबाल सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती



ढाका, 24 मार्च। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान सीने में दर्द के बाद सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार मैच रेफरी देबब्रत पॉल ने कहा "शुरुआत में तमीम को अस्पताल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्हें सावर के बीकेएसपी मैदान से नहीं लाया जा सका। बाद में उन्हें फाज़िलतुन्नेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।" तमीम इकबाल ने इसी साल जनवरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 70 टेस्ट और 243 एकदिवसीय मैच में क्रमशः 5,134 रन और 8,357 रन बनाए। उन्होंने 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया जिनमें उन्होंने 1,758रन बनाए।

## कोच और कप्तानी को लेकर बीसीबी करेगा बैठक

ढाका, 24 मार्च। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) सोमवार को तात्कालिक एजेंड के तहत कोच और टीम के कप्तान सहित कई मुद्दों को लेकर बैठक करेगा। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार वेस्ट इंडीज में 3-0 की सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद लिटन दास ने भी दावा किया था कि अगर बीसीबी चाहे तो वह टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। बोर्ड के सूत्रों अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रखे गए लिटन दास का टी-20 कप्तानी को लेकर नाम सबसे आगे चल रहा है। हन्नान सरकार के इस्तीफे के बाद से राष्ट्रीय टीम बिना चयनकर्ता के है। बैठक में इस स्थान को भरने के लिए भी विचार-विमर्श होना है। बीसीबी के एक सूत्र ने बताया, कुछ प्रस्ताव रखे जाएंगे और उन पर चर्चा की जाएगी। सज्जाद अहमद प्रस्तावित नामों में से एक माने जा रहा है। बीसीबी ने मुख्य कोच फिल सिमंस के बारे में सकारात्मक रुख अपनाया है।

## फैडरेशन कप में भाग लेने वाली राजस्थान (पुरुष/महिला) वुशू टीम की घोषणा



जयपुर, 24 मार्च। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 24 से 28 मार्च 2025 तक बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली 08वी फेडरेशन कप (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम की हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने घोषणा की। अध्यक्ष के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों के नाम इस प्रकार है –

**पुरुष टीम :-** मुकुंद आचार्य, अमन पारीक, मानस थापिलियाल, नीरज वर्मा, कृष्णा झाझड़ा, हीरालाल चौधरी, दीपक चौधरी, जसवीर यादव, लोकेश कुमार पूनिया, अमित कटारिया, विजय भारद्वाज, रजत प्रकाश गुप्ता, बलवंत सिंह, नक्षत्र जांगिड़, निखिल सैन, लोकेन्द्र सिंह, आर्केश्वर मेडतवाल, किशन कुमार, प्रेम सिंह, मनोज चित्तौडीया, गुलशन, दीपक, श्रवण, दक्षित चौधरी,

**महिला टीम :-** दिव्या यादव, रिंकू चौधरी, अश्मिता, खुशी गहलोत, पूर्ती शर्मा, कृतिका पारीक, पायल सारण, दिव्या बाटर, नीलम चौधरी, तनीषा महावर, संजू सैनी, चारु पारीक।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने पदक जीत कर आने की शुभकामनाएं प्रदान की।

## बीकानेर ने जीता टीम ऑफ फोर डुप्लीकेट स्पर्धा का खिताब

जयपुर, 24 मार्च। बीकानेर ने रविवार को यहां जयपुर क्लब में संपन्न 41वीं राजस्थान कान्ट्रेक्ट ब्रिज चैंपियनशिप टीम ऑफ फोर डुप्लीकेट स्पर्धा का खिताब जीत लिया। इबरत खान, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप गोविल, एमएम मूंदड़ा, एनएस राठौड़ और एसएस राठौड़ की बीकानेर टीम ने फाइनल मुकाबले में




ओपी अग्रवाल, आरएस गेरा, रवि भार्गव और अश्विनी चोपड़ा की कोटा टीम को 27.69-12.31 पॉइंट से पराजित कर टीम इवेंट की पीसी अग्रवाल ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पूर्व सेमी फाइनल में बीकानेर ने भीलवाड़ा को 32.13-7.87 और कोटा ने राजपूताना टीम को 25.71-14.29 पॉइंट से शिकस्त दे फाइनल में जगह बनाई थी। बीएम तोषनीवाल ट्रॉफी के लिए खेली पेयर इवेंट का खिताब प्रदीप गोविल और एमएम मूंदड़ा की जोड़ी ने जीता। गोविल-मूंदड़ा की जोड़ी 54 पॉइंट्स के साथ शीर्ष पर रही। सोम मित्तल और आनन्द तोषनीवाल ने 31 अंकों के साथ उपविजेता ट्रॉफी हासिल की। वहीं पुनीत गंगल और एसके शर्मा की जोड़ी 27 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में राजस्थान कान्ट्रेक्ट ब्रिज एसोसिएशन के अध्यक्ष डीबी चौधरी, सचिव केपी माथुर, जयपुर क्लब के अध्यक्ष मनोज बिड़ला, सचिव विशाल कौशल, जयपुर जिला ब्रिज एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द तोषनीवाल और उपाध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन सचिव पीके अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता

## कप्तान राष्ट्रीय यादव की अगुवाई में राजस्थान टीम ने रचा इतिहास, मेजबान दिल्ली को फाइनल में हराया




जयपुर, 24 मार्च । नई दिल्ली में खेले जा रहे अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में कप्तान राष्ट्रदीप की अगुवाई में राजस्थान टीम ने दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराकर इतिहास रच दिया है।

भारत नगर स्टेडियम, नई दिल्ली में खेले गए फाइनल मैच में दिल्ली की रीजनल बोर्ड की टीम, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ी परविंदर अवना एवं आईपीएल खिलाड़ी शशांक वशिष्ठ भी इस टीम का हिस्सा थे जिसको राजस्थान टीम ने हरा दिया। राजस्थान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए। जिसमें शाकिर खान ने 73, अजय बेनीवाल ने 55, राजू जोशी ने 44 रनों का योगदान दिया। जवाब में दिल्ली ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 229 रन ही बना सकी और 5 रन राजस्थान ने इस फाइनल मुकाबले को जीत लिया। गेंदबाजी में राजस्थान की ओर से हितेश ने 2 विकेट और अक्षय, शुभम, शाहबाज, शाकिर ने 1-1 विकेट लिए। राजस्थान के अजय बेनिवाल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया है, जिन्होंने प्रतियोगिता में 400 रन बनाए और कप्तान राष्ट्रदीप यादव ने प्रतियोगिता में 10 विकेट लिए। कप्तान राष्ट्रदीप यादव के नेतृत्व में पहली बार राजस्थान ने इस फाइनल का खिताब जीतकर इतिहास रचा। कार्मिक विभाग के शासन सचिव श्री के.के. पाठक ने टीम को विजेता बनने पर बधाई दी।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## आदित्य का ऑलराउंड खेल तथा शिवांक व अविनाश के अर्द्धशतकों से भदोरिया की आसान जीत




जयपुर, 24 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नारायणा क्रिकेट ग्राउण्ड सिरसी पर खेले गये पूल-बी के मैच में भदोरिया क्रिकेट एकेडमी ने आदित्य चौधरी 32 रन नाबाद (15 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) व 27 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन और शिवांक सिंह शेखावत 80 रन, (34 गेंद, 7 चौके, 7 छक्के) तथा अविनाश शर्मा 61 रन (38 गेंद, 6 चौका, 2 छक्के) के अद्धर्शतको की मदद से कोडाई क्रिकेट एकेडमी को 77 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

भदोरिया एकेडमी ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये शिवांक सिंह शेखावत 80 रन अविनाश शर्मा 61 रन, आदित्य चौधरी 33 रन नाबाद, जयेश पण्डिता 30 रन, आराध्य अग्रवाल 17 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर 5 विकेट खोकर 236 रन बनायें गेंद बाजी में कोडाई ऐकडमी ओर से आंजन्य राठौड़ 25 रन पर 2 विकेट, तथा जतिन सैनी, तन्मय यादव, हिमांशु शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में हर्षवर्धन मित्तल 62 रन (35 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के), सात्त्विक जैन 24 रन, उत्कर्ष सैनी 22 रन, नयन माली 13 रन, आरव महर्षि 10 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भदोरिया एकेडमी के गेंदबाजो विकास जांगिड़ 17 रन पर 2 विकेट, आदित्य चौधरी 27 रन पर 2 विकेट, भंवर 32 रन पर 2 विकेट व आदित्य भट्ट तथा लाकेन्द्र चौधरी प्रत्येक 1-1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष कोई भी बल्लेबाज लम्बी पारी नहीं खेल सकां और पुरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी और 77 रन से मैच गवा दिया।मैन ऑफ दा मैच आदित्य चौधरी (33 रन नाबाद व 4 ओवर 0 मेडेन 27 रन 2 विकेट) भदोरिया क्रिकेट एकेडमी रहे।

## खेल संघ राजनीति से ऊपर उठकर केवल खेल के विकास पर ध्यान दें : राज्यवर्धन सिंह

जयपुर, 24 मार्च। रविवार देर रात राठौड़ ने सोशल मीडिया पर अपने ट्वीट से इशारों - इशारों में खेल संघों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर केवल खेल के विकास पर ध्यान दें। इसके साथ ही राठौड़ ने ये भी साफ कर दिया है कि खेल संघों को अपने कार्यों में सुधार करना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ



कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्यवर्धन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि- राजस्थान में खेल के साथ खेल नहीं होने देंगे। भजनलाल सरकार खेल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य की सभी खेल फेडरेशनों और समितियों की जिम्मेदारी है कि वे खेल के लिए विवेकपूर्ण और समझदारी से निर्णय लिए जाएं। खेल परिषद को वित्तीय ऑडिट की मांग करनी चाहिए। खेल परिषद सभी खेल निकायों जिसमें क्रिकेट भी शामिल है, उनमें उच्च स्तर के शासन को बनाए रखने में मदद करेगी। जैसा कि द्वारा अनिवार्य किया गया है। राजस्थान में खेल संघों की कार्यशैली पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच रविवार को खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य में खेलों के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**खेल परिषद को दी सलाह-** खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सुझाव दिया कि राजस्थान क्रीड़ा परिषद को राज्य के सभी खेल संघों और समितियों का वित्तीय ऑडिट करवाना चाहिए। ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि खेल परिषद को राज्य के सभी खेल निकायों, जिनमें क्रिकेट भी शामिल है। ऐसे सभी खेल संघों के लिए एक उच्च स्तरीय शासन प्रणाली लागू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा अपनाई गई नीतियों की तरह राजस्थान में भी खेल संगठनों का संचालन किया जाना चाहिए। दरअसल, राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ समेत कई खेल संघों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वे अपने संचालन में पारदर्शिता नहीं रखते हैं, और नियमों का पालन नहीं करते हैं। तो उनके खिलाफ कड़ी। का पालन नहीं करते हैं। तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का खेल संघों को लेकर यह रुख काफी अहम माना जा रहा है।

## आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 'अभिमान' अवार्ड आज दिए जायेंगे

जयपुर, 24 मार्च। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 में राजस्थान की विभिन्न आयु वर्गकी राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों व राष्ट्रिय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा खिलाडियों को आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाडी अवार्ड "अभिमान", सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड व पूर्व प्रशासकों को मरणोपरांत लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड कल 25 मार्च को सांय 7 बजे होटल मैरियट में आयोजित किये जायेंगे। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर



सलीम दुर्रानी, पार्थसारथी शर्मा, हनुमंत सिंह, किशन रूंगटा, लक्ष्मण सिंह

सिंह शेखावत के अनुसार राजस्थान के पूर्व लीजेंड्स खिलाडियों को राजस्थान क्रिकेट में दिये गए उनके योगदान को सम्मान देते हुए उनके नाम से आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा प्रत्येक आयु वर्ग के पुरुष व महिला खिलाड़ियों को अवार्ड दिए जायेंगे।

**आरसीए के लीजेंड खिलाडी जिनके नाम से अवार्ड दिए जायेंगे :-** हनुमंत सिंह, सलीम दुर्रानी, किशन रूंगटा, पार्थसारथी शर्मा और लक्ष्मण सिंह। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य हरीश चंद्र सिंह के अनुसार अवार्ड समारोह में विशेष रूप से मुख्य अतिथि द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ की वार्षिक सांख्यिकी पुस्तक 2024-25 का विमोचन किया जायेगा जो की आरसीए के सांख्यिकीविद ओ पी शर्माद्वारा संकलित की गयी है।आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धनंजय सिंह खींवसरके अनुसार आरसीए द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष व महिला अवार्ड पुरुष व महिला खिलाड़ियों को अवार्ड दिए जायेंगे।राजस्थान क्रिकेट संघ अपने पूर्व प्रशासकों व वरिष्ठ खेल पत्रकार को खेल में दिए उनके अहम् योगदान को सम्मान देते हुए मरणोपरांत आरसीए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित करेगा। आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाडी अवार्ड "अभिमान ", सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्डव पूर्व प्रशासकों को मरणोपरांत लाइफ टाइम ाचीवमेंट अवार्ड की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में आए प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की जनसुनवाई

## हाथों हाथ हुआ कुछ भू-रुपांतरण प्रकरणों का निस्तारण

■ **जनसुनवाई में आए लोग अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण से काफी प्रसन्न नज़र आए तथा उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।**

जयपुर, 24 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की और परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया।

मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में आए प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई के दौरान जयपुर निवासी वेद चतुर्वेदी के भू-रूपांतरण प्रकरण का कुछ ही घंटों में निस्तारण किया गया। चतुर्वेदी ने बताया कि उनके सुंदर नगर (मानसरोवर) स्थित 840 वर्ग गज आवासीय भू-खण्ड का होटल उपयोग हेतु भू-रूपांतरण का मामला लंबित था।

मुख्यमंत्री शर्मा को इस संबंध में जब उन्होंने अवगत कराया तो इसका तुरंत ही निस्तारण कर दिया गया। मात्र चार घंटे के अंदर भू-रूपांतरण कार्य के आदेश जारी कर दिए गए।

आमजन से जुड़े कई प्रकरणों में मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्यवाही की, इसके लिए परिवादियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

जनसुनवाई के दौरान, मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित समस्याएं सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादियों को राहत दी। जनसुनवाई के दौरान, आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार जताया तथा दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। जनसुनवाई में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।

जनसुनवाई में बालोतरा की बबीता कुमारी ने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत करवाया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

पाली से आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। इस पर शर्मा ने गायत्री को निःशुल्क कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बबीता और गायत्री अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से बेहद खुश नजर आईं और उन्होंने मुख्यमंत्री को बार-बार धन्यवाद दिया।

# नागपुर हिंसाः दो आरोपियों के घर गिराने पर हाईकोर्ट का स्टे

मुंबई, 24 मार्च। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने नागपुर हिंसा मामले में दो आरोपियों के घरों को गिराने की प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन के रवैये को मनमाना और दमनकारी बताते हुए कड़ी फटकार भी लगाई। बता दें कि, नागपुर में हुई हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने आरोपियों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की थी, जिसे लेकर अदालत में चुनौती दी गई थी। इस मामले की अगली सुनवाई जल्द होने की संभावना है।

हालांकि, कोर्ट का आदेश आने से पहले ही फहीम खान के दो मंजिला घर को तोड़ा जा चुका था। वहीं, कोर्ट के आदेश के बाद यूसुफ शेख के घर के अवैध हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी गई। वहीं, फहीम खान और यूसुफ शेख ने अपने घरों की तोड़फोड़ के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस पर जस्टिस नितिन साम्बरे और वृषाली जोशी की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने सवाल किया कि बिना सुनवाई के घरों को कैसे तोड़ा गया? फहीम खान के वकील अश्विन इंगोले ने बताया कि कोर्ट ने सरकार और नगर निगम से जवाब मांगा है और कहा है कि अगली सुनवाई 15 अप्रैल को होगी। अगर तोड़फोड़ अवैध पाई गई, तो नुकसान की भरपाई प्रशासन को करनी होगी।

सोमवार सुबह पुलिस सुरक्षा में नगर निगम ने फहीम खान का घर गिराना शुरू किया।

## 45 पुराने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विपक्षी सदस्यों ने चर्चा के दौरान सवाल खड़े करते हुए कहा कि बिल को जल्दबाजी में लाया गया है। कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने कहा कि कई और भी ऐसे कानून हैं, जो अप्रचलित हैं। उन्हें भी शामिल किया जाए, इसलिए इस बिल को फिलहाल प्रवर समिति को भेजा जाए।

विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि 45 अनुपयोगी कानूनों को निरस्त करने का जो बिल लाए हैं, उसकी कॉपी पहले ही विधायकों को भेज दी जाती, तो सब पढ़ लेते। हम इस बिल के विरोध में नहीं है, लेकिन जो भी बिल ला रहे हैं, उसे पढ़ने का तो मौका मिलना ही चाहिए, बिल लेकर आ जाओगे और हम गर्दन हिला कर उसका समर्थन कर देंगे, ऐसा नहीं हो सकता।

# जेल प्रहरी भर्ती पेपरलीक, दो आरोपी गिरफ्तार

## एसओजी ने 2018 में हुई इस परीक्षा का आयोजन करवाने वाली कम्पनी के प्रोजैक्ट मैनेजर व एक अन्य को गिरफ्तार किया है

■ **जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 में एटीएस पहले ही 7 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, एसओजी भी अलग कार्यवाही कर कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।**



*एसओजी के ए.डी. डी.जी.पी. वी.के. सिंह*

जयपुर, 24 मार्च। जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एसओजी ने परीक्षा करवाने वाली टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा का आयोजन सरदार पटेल यूनिवर्सिटी जोधपुर की ओर से करवाया गया था और उसने परीक्षा का जिम्मा टीसीएस कम्पनी को दिया था। इस मामले में अरेस्ट दूसरे आरोपी ने इस गैंग को उत्तर कुंजी उपलब्ध करवाई थी।

एडीजी एसओजी-एटीएस वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की टीम ने जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 के मामले में देहरादून से करण कुमार निवासी जमशेदपुर, झारखंड और टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह निवासी झारखंड को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने करण के पास मिले मोबाइल व लैपटॉप जब्त कर लिये हैं। आरोपी करण कुमार से पूछताछ में सामने आया कि जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 के पेपर उसे उस समय टीसीएस कम्पनी में कार्यरत प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह ने उपलब्ध करवाए थे। चूंकि आरोपी की ओर से दी गई सूचना सही प्रतीत होने का मुख्य कारण यह है कि यह परीक्षा टीसीएस कम्पनी द्वारा ही सम्पन्न कराई गई थी तथा परीक्षा कराने का जिम्मा सरदार पटेल युनिवर्सिटी जोधपुर द्वारा टीसीएस कम्पनी को दिया गया था। आरोपी करण द्वारा इस गैंग को उत्तर कुंजी उपलब्ध करवाई थी।

जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में एटीएस पहले जितेन्द्र चौधरी, अजय यादव, सुरेश चौधरी, विकास, राजेश, जितेन्द्र राव व राजेन्द्र गुर्जर को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एसओजी अलग कार्रवाई करके कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब तक एसओजी व एटीएस जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं।

गौरतलब है कि ऑनलाइन परीक्षा की जिम्मेदारी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ने टीसीएस कंपनी को दी थी। जेल प्रहरी परीक्षा का पहला चरण 20 और 21 अक्टूबर और दूसरा चरण 27 और 28 अक्टूबर का था। आरोपियों ने 28 अक्टूबर को पहली पारी का पर्चा लीक कर दिया था। इसके बाद, यह मामला सामने आया था। एटीएस व एसओजी ने पर्चा लीक करने वाले रैकेट का 29 अक्टूबर को खुलासा किया था और 9 जनों को गिरफ्तार किया था। पर्चा लीक होने के बाद, जेल विभाग ने पहली पारी की परीक्षा को निरस्त कर दिया था।

## ग्रीनलैण्ड को अमेरिका का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

व अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों के निर्माण में बेहद जरुरी होते हैं। रुस और चीन की भी इन खनिजों में गहन रुचि है।

अमेरिकी प्रवक्ताओं ने ग्रीनलैंड के लोगों से कहा है कि अगर इसे अमेरिका अपने में मिला लेता है तो अमेरिका इसकी पूरी देखभाल करेगा और अन्य ताकतों की लालची नज़रों से इसकी सुरक्षा करेगा। लेकिन अमेरिका के आश्वासन के बाद भी द्वीप के लोगों की चिंताएं कम नहीं हुई हैं। ये लोग डेनमार्क से आज़ादी के लिए लम्बे समय से संघर्षरत हैं। द्वीप की विधानसभा के चुनावों के साथ, अलग होने की औपचारिक प्रक्रिया पर काम चल रहा है। नए अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप जोरशोर से दावा कर रहे हैं कि औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही ग्रीनलैंड अमेरिकन स्टेट बन जाएगा।

ऐसा लग रहा है कि दुनिया से मध्यकालीन युग में आ गई है और संप्रभु राष्ट्रों के पारस्परिक संबंध नियंत्रित करने के लिए कोई कानून नहीं है।

# कर्नाटक हनी ट्रैप केस में सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिका की सुनवाई करेगा

■ **जनहित याचिका, धनबाद के एक वकील बरूण कुमार सिंह ने दायर की है।**

नई दिल्ली, 24 मार्च। उच्चतम न्यायालय कर्नाटक सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री और न्यायाधीशों सहित, कई अन्य लोगों को कथित रूप से हनी ट्रैप में फंसाने की घटना की जांच का निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता बिनय कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार या मंगलवार को की जाएगी। धनबाद निवासी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता बरुण कुमार सिंह ने शीर्ष अदालत से शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाते हुए मामले का विशेष रूप से उल्लेख करने के बाद यह सहमति व्यक्त की गई।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि कर्नाटक राज्य विधानमंडल में बहुत गंभीर और परेशान करने वाले आरोप लगाए गए हैं कि राज्य का मुख्यमंत्री बनने की चाह रखने वाला एक व्यक्ति कई लोगों को हनी ट्रैप में फंसाने में सफल रहा है, जिनमें न्यायाधीश भी शामिल हैं।

याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि घटना की जांच एक स्वतंत्र एजेंसी, यानी केन्द्रीय जांच ब्यूरो या एक विशेष जांच दल द्वारा की जानी चाहिए, जिसमें ईमानदार पुलिस अधिकारी शामिल हों और जो कर्नाटक राज्य के नियंत्रण या प्रभाव के अधीन न हों। जांच के बाद रिपोर्ट इस अदालत को प्रस्तुत की जाए। याचिका में यह भी कहा कि जांच की निगरानी इस न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली निगरानी समिति द्वारा की जानी चाहिए।

याचिका में कहा गया है, निगरानी समिति को उन सभी अधिकारियों/व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए, जिन्होंने इस घटना से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से लाभ उठाया।

जनहित याचिका कहा गया है, आरोप एक मौजूदा मंत्री द्वारा लगाए गए हैं, जिन्होंने खुद को पीड़ित बताया है, जिससे गंभीर आरोपों को विश्वसनीयता मिली है। इतना ही नहीं, सरकार के एक अन्य मंत्री ने न केवल पहले मंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों को दोहराया है, बल्कि आरोप लगाया है कि घोटाले का पैमाना और अनुपात वर्तमान में दिखाई देने वाले पैमाने से कम से कम दस गुना अधिक है। याचिका में यह भी कहा गया है, कई मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया के कारण पहले ही बहुत शोर-शराबा हो चुका है। ऐसे में यह जरूरी है कि यह अदालत देश की न्यायिक प्रणाली में प्रतिष्ठा और जनता के विश्वास को बचाने के लिए कदम उठाए।

याचिका में कहा गया है, यदि न्यायाधीशों को पक्षपातपूर्ण निर्णय देने के लिए ब्लैकमेल किया जा सकता है या उन्हें मजबूर किया जा सकता है, तो कानून का शासन स्वयं ही ध्वस्त हो जाएगा, जिससे अत्याचार, भ्रष्टाचार और अन्याय को बढ़ावा मिलेगा।

## अब सांसदों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दरअसल, उस समय विपक्षी भाजपा मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने का विरोध कर रही थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष के राजनैतिक दल जनता के दुख-दर्दों की उपेक्षा करने वाले तथा अपने निजी हितों का ख्याल रखने वाले हो गये हैं तथा सरकारों के ऐसे कदमों से आम जनता में राजनेताओं के प्रति कटुता में और वृद्धि होगी।

कोई यह नहीं मानता कि सांसदों या पूर्व सांसदों को बेहतर वेतन नहीं मिलना चाहिये।

लेकिन, वेतन में की गई इस वृद्धि से कानून-निर्माताओं और आम लोगों के बीच की असमानता और ज्यादा स्पष्ट हो गई है।

आज की गई वृद्धि से, एक पूर्व सांसद की आय एक भारतीय वर्कर की औसत आय की दोगुनी से अधिक हो गई है, जबकि, वर्तमान सांसद की आय उसकी करीब नौगुनी हो गई है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर

## याचिका में जस्टिस वर्मा, जिनके घर से कथित रुप से भारी कैश मिला है, पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश देने की मांग की गई है

■ **याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित जजों की कमेटी को जस्टिस वर्मा के घर आग लगने की घटना की जांच करने का अधिकार नहीं है। घटना भारतीय न्याय संहिता के तहत संज्ञेय अपराध है।**

नयी दिल्ली, 24 मार्च। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर आग लगने के बाद कथित तौर पर मौके से बेहिसाब रुपए मिलने के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश पुलिस को देने की मांग को लेकर एक जनहित याचिका उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है।

यह याचिका अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा, हेमाली सुरेश कुर्ने, राजेश विष्णु आद्रेकर और चार्टर्ड अकाउंटेंट मंशा निमेश मेहता ने संयुक्त रूप से दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में न्यायमूर्ति वर्मा, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर और न्यायाधीशों की समिति के सदस्यों को मामले में पक्ष बनाया गया है।

याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष न्यायालय से दिल्ली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने और प्रभावी तथा सार्थक जांच करने का निर्देश देने का आदेश मांगा है।

याचिका में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की ओर से 22 मार्च को गठित तीन सदस्यीय न्यायाधीशों की समिति को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है। वह घटना भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस ) के तहत विभिन्न संज्ञेय अपराधों के दायरे में आती है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि समिति को इस तरह की जांच करने का अधिकार देने का निर्णय शुरू से ही निरर्थक है, क्योंकि कोलीजियम (शीर्ष अदालत की) खुद को ऐसा आदेश नहीं दे सकता, जबकि संसद या संविधान ने ऐसा करने का अधिकार नहीं दिया है।

याचिका में आगे कहा गया है, जब अग्निशमन बल/पुलिस ने आग बुझाने के लिए अपनी सेवाएं दीं, तो यह बीएनएस के विभिन्न प्रावधानों के तहत दंडनीय संज्ञेय अपराध बन गया और पुलिस का कर्तव्य है कि वह मुकदमा दर्ज करे।

याचिका में दलील दी गई है कि के वीरास्वामी बनाम भारत संघ (1991) में उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह निषिद्ध किया गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व अनुमति के बिना किसी उच्च न्यायालय या शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। याचिका में कहा गया है, जब पुलिस को किसी संज्ञेय अपराध की सूचना मिलती है, तो उसका कर्तव्य है कि वह मुकदमा दर्ज करे। हालांकि, वीरस्वामी मामले में उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्देश दिया था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 154 के तहत कोई भी आपराधिक मामला तब तक दर्ज नहीं किया जाएगा, जब तक कि मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श न किया जाए।

# अच्छा हुआ कोचिंग बिल प्रवर समिति को सौंपा गया

## निर्दलीय विधायकों ने ही नहीं भाजपा के कुछ विधायकों ने भी कोचिंग बिल में जमकर कमियां निकालीं

■ **भाजपा के वरिष्ठ विधायक कालीचरण सर्राफ ने कहा, यह कानून आया तो 60 हजार करोड़ रूपए का यह उद्योग राज्य के बाहर चला जाएगा, हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे अफरशाही हावी हो जाएगी।**

■ **निर्दलीय विधायक मनोज न्यांगली ने कहा, बिल में यह नहीं बताया है कि एक कक्षा में कितने बच्चे बैठ सकते हैं।**

■ **भाजपा विधायक अनिता भदेल ने कहा, प्रदेश व केन्द्र दोनों जगह भाजपा सरकार है, फिर भी केन्द्र सरकार की गाइडलाइन की उपेक्षा की गई है।**

■ **नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने तंज कसा, ऐसा लगता है कि किसी 5वीं पास ने विधेयक तैयार किया है, इसमें आत्महत्याओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है।**

जयपुर, 24 मार्च। राजस्थान विधानसभा में कोचिंग रेगुलेशन बिल भी अटक गया है। बिल पर विरोध के चलते इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया है। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान भाजपा व निर्दलीय विधायकों ने ही इसके प्रावधानों का विरोध किया।

कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान भाजपा विधायक और सत्तारूढ़ पार्टी के उम्र में सबसे वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ ने इसके प्रावधानों का खुलकर विरोध किया। सराफ ने इस बिल पर प्रवर समिति को भेजने की मांग की। सराफ ने कहा कि यह बिल अगर मौजूदा स्वरूप में पारित हो गया तो कोचिंग संस्थान राजस्थान से बाहर शिफ्ट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे और 60 हजार करोड़ का कोराबार छोटा हो जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कालीचरण सराफ ने कहा कि इस बिल से अफसरशाही हावी हो जाएगी। सराफ ने मांग की कि इस बिल पर पहले कोचिंग संस्थानों, जनता, स्टूडेंट और शिक्षकों -सब से बात होनी चाहिए। कालीचरण ने बिल की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें स्टेट और जिला लेवल पर कमेटी बनाने का प्रावधान कर दिया, परन्तु पहले से ही कलेक्टर 50 कमेटियों का अध्यक्ष होता है, उस पर यह अतिरिक्त भार क्यों डाला जा रहा है। कालीचरण का कहना था कि बिल में वर्णित कमेटी में स्वयंसेवी संस्थाओं, जूडिशियरी का कोई भी व्यक्ति नहीं है, "कमेटी में सरकारी अफसर हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि नहीं है। इसमें जूडिशियरी का प्रतिनिधि भी होना चाहिए।" शराफ ने कहा कि केन्द्र गाइडलाइन दी थी कि इस तरह का सिस्टम विकसित हो कि कोई बच्चा 2 दिन गैर हाजिर रहता है तो उसकी सूचना उसके माता-पिता को दी जानी चाहिए, वह प्रावधान इस बिल से गायब है। सराफ का कहना था कि इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित मत कीजिए, अगर ऐसा किया तो 60 हजार करोड़ का कोचिंग कारोबार राजस्थान से बाहर शिफ्ट हो जाएगा, हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

निर्दलीय विधायकों ने भी बिल का विरोध किया। सादुलपुर के विधायक मनोज न्यांगली ने बिल की समीक्षा करते हुए कहा, बिल में यह तो बताया गया है कि कोचिंग इन्स्टीट्यूट में पढ़ा रहे अध्यापकों को, कब-कब अवकाश मिलेंगे, परनतु यह नहीं बताया गया है कि एक अध्यापक एक दिन में कितनी कक्षाएं पढ़ा सकता है और उसकी कक्षा में कितने छात्र बैठे होंगे। उन्होंने कहा कि बिल में इस विषय पर तो लिखा गया है कि एक छात्र के कोचिंग इन्स्टीट्यूट की कक्षा में कम से कम एक वर्ग मीटर की जगह होगी, परन्तु कक्षा के आकार के बारे में कुछ नहीं लिखा गया है। उन्होने कहा कि विधेयक में यह स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए कि एक कक्षा का आकार अधिक-से-अधिक कितना विशाल हो सकता है और उसमें कितने विद्यार्थी पढ़ाये जा सकते हैं।

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक कक्षा में 200-300 छात्रों का बैंच नहीं हो।

बिल का विरोध करते हुए अजमेर पूर्व से भाजपा विधायक, अनिता भदेल, ने शिक्षा मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में और केन्द्र में दोनों जगह भाजपा सरकार है, फिर भी हमारी सरकार, केन्द्र सरकार की गाइडलाइन को अनदेखा क्यों कर रही है। केन्द्र की गाइडलाइन में स्पष्ट कहा गया है कि 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को कोचिंग में नहीं डाला जाए, फिर भी इस गाइडलाइन को बिल में अनदेखा कर रखा है, यह उचित नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में दस लाख युवा आबादी घटी, लेकिन आत्महत्याएं 6654 से 13044 हो गईं, पांच साल में 87 बच्चों ने आत्महत्या की और इनमें से 60-62 अकेले कोटा में हुई। उन्होने कहा कि प्रावधान में गरीब बच्चों के लिए कोई अधिकार नहीं है। शिक्षा मंत्री पर तंज कसते हुए जूली बोले, बिल के प्रावधान देखकर लगता है कि किसी पांचवी पास व्यक्ति ने इसे बनाया है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश का वर्णन करते हुए कहा कि अदालत ने भी आत्महत्याओं को लेकर प्रसंज्ञान लिया, उसके अनुरूप कोई प्रावधान क्यों नहीं है? उन्होंने कहाकि भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश, 25 बच्चों पर 1 शिक्षक, सेल्फ स्टडी मोटिवेशनल प्रावधान क्यों नहीं हैं, सबको एक ही लाठी से हांका जा रहा है, बड़े और छोटे कोचिंग के अलग नियम बनें।

कांग्रेस विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि बिल में गरीब बच्चों की शिक्षा का कोई प्रावधान नहीं है। आरटीई कानून कोचिंग में भी लागू हो। सरकार भी कोचिंग संस्थान चला सकती है।

कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान, कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि एक डिप्टी सीएम ने एक फिल्म अवॉर्ड फंक्शन 'आईफा' के लिए 100 करोड़ दिए हैं, जबकि डिप्टी सीएम ने इतनी ही रकम प्रदेश के छात्रों और युवाओं के लिए खर्च की है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस नीति से प्रदेश की परीक्षा प्रणाली कैसे बेहतर बनाई जाएगी, क्या इनके अध्ययन पर केवल 100 करोड़ रुपये खर्च होना चाहिए।

निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने आत्महत्याओं को लेकर कहा, हमारे युवा आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। भाटी ने कहा कि बिल कुछ और कह रहा है और सिचुएशन कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि आज के समय में 12वीं के छात्र हँसना भूल चुके हैं, कोचिंगों में जो तैयारी कर रहे हैं, उन बच्चों पर इस लेवल का दबाव रहता है कि परिवार के साथ बैठ ही नहीं पाते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908